दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 55 | सीकर, बुधवार 22 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

नशा माफिया पर पुलिस का प्रहार

## तस्कर लियाकत खान की 2.52 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झालावाड़ पुलिस ने जिले को नशामुक्त करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए ऑपरेशन दिव्य प्रहार 2.0 के अंतर्गत एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने कुख्यात तस्कर लियाकत खान द्वारा मादक पदार्थों की काली कमाई से अर्जित की गई करोड़ों की चल-अचल संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफके तहत स्थाई रूप से फ्रीज कर दिया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस कार्यवाही को विधिक रूप से अनुमोदित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की इस कार्यवाही के बाद अब ड्रग माफिया लियाकत खान और उसके सहयोगी अवैध आय से अर्जित संपत्तियों का न तो उपभोग कर सकेंगे और न ही उनका विक्रय या हस्तांतरण कर पाएंगे। फ्रीज की गई संपत्तियों में 02 भव्य मकान है जिनका कुल बाजार मूल्य 2,52,47,960 रुपये है।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि तस्करों की जड़ों पर वार करने के लिए एमओबी शाखा में तस्करों की संपत्तियों का एक गोपनीय डेटाबेस तैयार किया गया। इस मिशन को सफल बनाने में जिला कलेक्टर श्री अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में राजस्व विभाग ने रिकॉर्ड मिलान में और पीडब्ल्यूडी विभाग ने संपत्तियों के बाजार मूल्य के त्वरित मूल्यांकन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। आरोपी लियाकत खान निवासी चाचुर्नी, डग के विरुद्ध पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी के गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस द्वारा की गई पूर्व में की गई कार्यवाहियों में अब तक कुल 3123 किलोग्राम डोडा चूरा व अफीम ;अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 4.83 करोड़ रुपये और 01 ट्रेलर ट्रक 38 लाख और 01 बुलेट बाइक 2 लाख जब्त किए गये है। जिला पुलिस की इस कार्यवाही से समाज में यह स्पष्ट संदेश गया है कि मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई संपत्ति स्थायी नहीं रहती। ऑपरेशन दिव्य प्रहार 1.0 की सफलता के बाद जनवरी 2026 से शुरू हुए 2.0 संस्करण का मुख्य लक्ष्य न केवल तस्करों को जेल भेजना है, बल्कि उनकी आर्थिक कमर तोड़ना भी है।

## पत्नी को समझौते के बहाने बुलाकर मौत के घाट उतारने वाला पति गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चौमूं थाना क्षेत्र में टांटियावास टोल प्लाजा के पास आनंदलोक योजना स्थित रेलवे अंडरपास के निकट मिली महिला की लाश के मामले का जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने महज 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए महिला की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 20 अप्रैल की सुबह अंडरपास के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव संदिग्ध हालत में मिलाए जिसके मुंह पर कपड़ा बंधा था और शरीर पर चोट के निशान थे। बाद में मृतका की पहचान मीनू शर्मा निवासी हरमाड़ाध्धोबलाइ के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि मीनू शर्मा पिछले करीब 7 वर्षों से अपने पति से विवाद के चलते अलग रह रही थी और पीहर में रह रही थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें महिला एक बाइक सवार के साथ जाती नजर आई। बाइक नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान पति सतीश उर्फ कैलाश चंद शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने वारदात कबूल कर ली।

आरोपी ने बताया कि उसने पत्नी को बातचीत के बहाने सुनसान स्थान पर बुलाया, जहां दोनों के बीच विवाद हुआ। आवेश में आकर उसने गला दबाकर और मारपीट कर पत्नी की हत्या कर दी और शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया। मामले के खुलासे में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और एसीपी चौमूं आलोक सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी चौमूं हरबेन्द्र सिंह, थानाधिकारी हरमाड़ा उदयसिंह, डीएसटी प्रभारी गणेश तथा टीम के हेड कांस्टेबल राजेंद्र, कृष्ण कुमार और तकनीकी सहायक राजमहेन्द्र की अहम भूमिका रही। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## सद्गुरु टेऊँराम मासिक जन्मोत्सव आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक मंगलमूर्ति आचार्य 1008 योगीराज सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज का मासिक जन्मोत्सव चौथ पर्व बुधवार को श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उत्सव की शुरुआत प्रातः 6 बजे मंगला दर्शन से होगी, जिसमें श्रद्धालु गुरु चरणों में पुष्प अर्पित कर मंगल कामना करेंगे। इसके बाद सुबह 7 से 8:30 बजे तक नित्य नियम प्रार्थना, भजन-कीर्तन, गुरु प्रार्थना पाठ एवं आचार्यश्री की महिमा का गुणगान किया जाएगा। सायंकाल 4 बजे महिला मंडल द्वारा सामूहिक चालीसा एवं जन्म सखी पाठ आयोजित होगा। इसके पश्चात संत महात्माओं द्वारा सद्गुरु टेऊँराम महाराज रचित ग्रंथ ब्रह्म दर्शनी का संगीतमय पाठ किया जाएगा। साथ ही सतनाम साखी महामंत्र का जाप एवं आरती के बाद आचार्यश्री के विग्रह के समक्ष 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वामी मनोहर लाल महाराज, स्वामी मोहन लाल महाराज, संत नवीन एवं संत गुरुदास सहित संतजन आध्यात्मिक वाणी, भजन, दोहे और पदों का गायन करेंगे। उत्सव के उपलक्ष्य में समाधि स्थल एवं मंदिर परिसर को ऋतु पुष्पों से सजाया जाएगा तथा मुख्य द्वार पर आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, मिल्क रोज एवं शर्बत की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



# केरलम में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 13 लोगो की मौत

### 10 शव बरामद, 3 लोगों के शरीर के हिस्से बिखरे मिले; 40 मजदूर काम कर रहे थे

त्रिशूर।

केरलम के त्रिशूर जिले में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। फैक्ट्री में कई लोग झुलस गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, मौके से 10 शव मिले, जबकि 3 लोगों के शरीर के हिस्से मिले है। 5 घायलों की हालत गंभीर है। 17 लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

पटाखे खेतों के बीच बने शेड में बनाए जा रहे थे। हादसे के समय करीब 40 लोग मौजूद थे। फायर ब्रिगेड, पुलिस और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन रुक-रुक कर विस्फोट होने से रेस्क्यू में दिक्कत आई।

### मृतकों के परिवार को 2-2 लाख का मुआवजा

पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है। पीएम ने कहा- जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### चार जिलों से डॉक्टरों की टीमें बुलाई गई

**केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि त्रिशूर हादसे में घायल लोगों के इलाज के लिए त्रिशूर मेडिकल कॉलेज, जनरल अस्पताल और आसपास के अस्पतालों में व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज में मास कैजुअल्टी प्रोटोकॉल लागू किया गया है। बर्न यूनिट तैयार रखी गई है। आसपास के जिले तिरुवनंतपुरम, एर्नाकुलम, कोट्टायम और कोझिकोड से डॉक्टरों की टीमें भी इलाज में मदद के लिए भेजी जा रही हैं।**

## गहलोत बोले- नई रिफाइनरी में आग नहीं लग सकती

### तोड़फोड़ की साजिश हो सकती है, गहराई से जांच हो; किसानों का कर्ज माफ करे सरकार

जयपुर।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रिफाइनरी में आग लगने की घटना को लेकर बड़ा बयान देते हुए इसे सामान्य हादसा मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि नई रिफाइनरी में इस तरह आग लगना संभव नहीं है और इसके पीछे तोड़फोड़ या साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। गहलोत ने पूरे मामले की गहराई से और निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए सरकार से कर्ज माफी की भी मांग की। गहलोत ने कहा- प्रदेश के हर हिस्से में किसान भारी परेशानी में हैं। किसान कर्ज माफी का इंतजार कर रहे हैं। जिस तरह हमने कर्ज माफी की, उसी तर्ज पर किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए।

### पीएम के दौरे से 2-3 दिन पहले पहुंच जाती है एसपीजी

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री कहीं जाए और इतनी बड़ी दुर्घटना हो जाए। एसपीजी दो-तीन दिन पहले पहुंच जाती है, वहां इस घटना को मामूली नहीं मान सकते, यह बहुत बड़ी घटना है।

### रिफाइनरी में आग लगने के पीछे कोई चूक या जल्दबाजी

गहलोत ने कहा- मैंने आज ऑस्ट्रेलिया के एक्सपर्ट से बात की थी, उनका कहना था कि 20-25 साल पुरानी रिफाइनरी में आग लगती रहती है, कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन नई रिफाइनरी में आग नहीं लगती है। नई रिफाइनरी में आग लगने के पीछे या तो कोई चूक हुई है या फिर जल्दबाज़ी में काम पूरा करने का मनोवैज्ञानिक दबाव रहा होगा। कोई चूक हुई है या कोई दबाव पड़ा होगा कि जल्दी करो। उन्होंने कहा कि इसके पीछे दो-तीन कारण हो सकते हैं। एक्सपर्ट कह रहे थे कि ऑस्ट्रेलिया में सबसे पहले सीखते हैं कि सेफ्टी पहले होनी चाहिए, चाहे वक्त लग जाए। प्रोडक्शन से पहले सेफ्टी का ध्यान रखो यह सोच है। हमारी रिफाइनरी में आग लगना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, इसकी गहराई में जाना चाहिए। यह भी हो सकता है कोई तोड़फोड़ की साजिश, सबोटाज हो सकता है।

### इंतज़ार शास्त्र से हिल गई सरकार

उन्होंने कहा- इंतज़ार शास्त्र के कारण पूरी सरकार ही हिल गई, सरकार डिफेंस में आ गई, बयानबाजी खूब की। लेकिन तथ्यों के साथ जवाब नहीं दे पाए कि कौन सा प्रोजेक्ट कब शुरू होगा। सरकार का दायित्व होता है कि वो जवाब दे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं

### सबरीमाला के वकील बोले- भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी

नई दिल्ली।



सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है।

इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। फैसला कल आने की संभावना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है।

## पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु में थमा चुनाव प्रचार कल होगा मतदान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नई दिल्ली



तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से 48 घंटे पहले मंगलवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होनी है, जबकि तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए मतदान होने हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां तक कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

चुनाव प्रचार थमने से पहले दोनों राज्यों में शीर्ष नेताओं और उम्मीदवारों ने समर्थकों को आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं, चुनाव प्रचार थमने के बाद अब कोई भी राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा या रैली नहीं कर सकेगा।

पहले बात करते हैं पश्चिम बंगाल की तो यहां इस बार दो चरणों में चुनाव संपन्न कराया जाना है। पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, तीन करोड़ 60 लाख 77 हजार 171 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन मतदाताओं में एक करोड़ 75 लाख 77 हजार 210 महिलाएं अपने मत का इस्तेमाल करेंगी। आरक्षण को लेकर बने माहौल के बीच इस बार पश्चिम बंगाल में महिलाओं की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है। बंगाल में पहले चरण में जहां मतदान होने हैं, उनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।

इनमें मुर्शिदाबाद की 22, कूचबिहार की 9, जलपाईगुड़ी की 7, अलीपुरद्वार की 5, कलिंपोंग की एक, दार्जिलिंग की 5, उत्तर दिनाजपुर की 9, दक्षिण दिनाजपुर की 6, मालदा की 12, बीरभूम की 11, पश्चिम ब?र्द्धमान की 9, पूर्व मेदिनीपुर की 16, पश्चिम मेदिनीपुर की 15, झारग्राम की 4, पुरुलिया की 9 और बांकुड़ा की 12 सीटें शामिल हैं।

तमिलनाडु की बात करें तो राज्य में सभी सीटों पर एक चरण में ही चुनाव संपन्न कराया जाना है। 23 अप्रैल को ही सभी 234 सीटों पर मतदान होना है। तमिलनाडु में इस बार 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव में कुल 5.73 करोड़ मतदाता अपने मत का इस्तेमाल कर उम्मीदवारों की किस्मत लिखेंगे।

## एसएस मोदी में आरएएस चयनित आँचल रूँगटा का किया स्वागत


सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित आँचल रूँगटा का एस एस मोदी विद्या विहार में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय की पूर्व छात्रा आँचल का विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर परिवार के साथ सम्मानित किया। प्राचार्य विजय मसीह ने आँचल की स्कूली पढ़ाई व मंजिल तक पहुँचने सफर को तय करके आगे बढ़ने गति के बारे में बच्चों को बताया। प्रार्थना-सभा में बच्चों की प्रेरणा स्त्रोत बनी आँचल रूँगटा ने बताया कि लगातार छः वर्षों की कड़ी मेहनत से मैंने यह मुकाम हासिल किया है। यदि लग्न सच्ची हो तो कोई भी मुश्किल आपको मंजिल पाने से रोक नहीं सकती। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए उन्होंने बताया कि यदि मुझे कभी असफलता मुँह देखना भी पड़ा तो मेरे माता.पिता ने हमेशा मुझे सहारा दिया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए आँचल ने उनके सभी प्रश्नों के उत्तर बड़ी शालीनता से दिए और कहा कि आगे बढ़ने के लिए सिर्फ किताबें पढ़ना जरूरी नहीं है। प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यालय की सभी सहशैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इससे बच्चे में आत्मविश्वास पनपता है जो जीवन में बहुत जरूरी है। घंटो किताबें खोले बैठे रहने से अच्छा है जो भी पढ़ा जाए उसे मन से पढ़े और दोहरान अवश्य करें। भाषा पर



पकड़ बनाने के लिए किताबें व अखबार नियमित पढ़ते रहें। तकनीकी युग में हम सोशल मीडिया से बच नहीं सकते लेकिन इसका उपयोग भी यदि सोच समझकर किया जाए तो यह बहुत लाभदायक हो सकता है। हमेशा लक्ष्य पर नजर रखें और उसे पाने के लिए चुपचाप मेहनत करते रहे। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने आँचल को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि आज आँचल पर पूरा झुंझुनू व एस एस मोदी विद्या विहार गर्व कर रहा है। हम आशा करते हैं कि प्रशासन आँचल को जो भी जिम्मेदारी देगा उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएगी। जो भी निर्णय लेगी वह निजी स्वार्थ को त्याग कर देश व मानवता के हित में होगा। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने आँचल रूँगटा की सफलता पर बधाई प्रेषित की।

### कोबरी-सार



# जेईई मेंस में स्वर्णिम के राहुल कुमावत ने 97.28 परसेंटाइल स्कोर कर रचा इतिहास

निसं

**रींगस (नवयत्न)।** कस्बे की सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित स्वर्णिम करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस सेशन 2 के परिणाम में फिर से सफलता का नया इतिहास रचा। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना ने बताया कि संस्थान के जेईई मेंस के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लेकर 15 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। जेईई मेंस



के रिजल्ट में पांच विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक का स्कोर प्राप्त कर अपनी कामयाबी का परिचय दिया। जेईई विंग प्रभारी महेंद्र सामोता ने बताया की छात्र राहुल कुमावत 97.28 परसेंटाइल, अभिषेक धायल 94.43 परसेंटाइल, करन मीणा 92.64 परसेंटाइल, आलोक कुमार 91.49 परसेंटाइल, रितेश कुमार वर्मा 90.11 परसेंटाइल और निशान्त ने 89.61 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थान में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान परिसर में डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं ने जमकर नृत्य किया व खुशी का इजहार किया। सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, सह निदेशक कविता सक्सेना, स्वर्णिम कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र कुमार महला, झाबर निठारवाल, नीट विंग प्रभारी प्रदीप सैनी,, रमेश हरितवाल, मुकेश देवंदा, पिंटू कुमावत, भाग चन्द कुमावत, मुकेश मील, दिनेश सैनी, पंकज बागड़िया, माधव सामोता, अर्जुन राजोरिया, केदार बुला, सुशील मीणा, शीलू पारीक, मनोज कुमावत, देवेंद्र रलू, अशोक मोगा, रवींद्र सहित सभी स्टाफ साथियों ने बधाई दी व उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** गोठड़ा की शहीद धर्मपाल सैनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेतड़ी स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी की ओर से मंगलवार को कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी बबलू अवाना थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेतड़ी स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष सुधा शर्मा, सचिव हसरत हुसैन मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने की। मुख्य अतिथि बबलू अवाना ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करना पुण्य का कार्य है और समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर विद्यार्थियों की मदद करनी चाहिए ताकि बच्चे बेहतर भविष्य बना सकें। प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने कहा कि स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा हर वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जिससे बच्चों को पढ़ाई में प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। पाठ्य सामग्री समाजसेवी बबलू अवाना, हसरत हुसैन एवं सुधा शर्मा द्वारा वितरण की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर शबनम, उषा, महिपाल, होशियार सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सोमवार को करीब मध्य रात्रि चांद बास रेलवे फाटक के पास रतनगढ़ साइड से लाडनूं साइड जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। सूचना पर सुजानगढ़ आरपीएफ, कोतवाली थाने के एएसआई पप्पूराम मीणा, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे तथा खडी मालगाड़ी के नीचे से रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत शव को बाहर निकालकर बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान दारा सिंह भाटी निवासी भारत माता चौक सुजानगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## चेक अनादरण मामले में आरोपी को एक वर्ष का साधारण कारावास

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है। अधिवक्ता जीताराम शर्मा पंडरेऊटिब्बा ने बताया कि अदालत ने रतन लाल पुत्र मुंशीराम निवासी दयावठ, तहसील सिद्धमुख, जिला चूरू को एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 12 लाख रुपये के प्रतिकर मुआवजा से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार परिवादी सुनील कुमार निवासी दयावठ, तहसील सिद्धमुख, जिला चूरू ने आरोपी के विरुद्ध 9 लाख 65 हजार रुपये के चेक अनादरण का मामला दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के साक्ष्य एवं तर्कों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। अदालत ने अपने निर्णय में आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाते हुए परिवादी को 12 लाख रुपये प्रतिकर के रूप में देने के आदेश भी दिए हैं। इस मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता जीताराम शर्मा पंडरेऊटिब्बा ने पैरवी की।

## चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** कूदन ब्लॉक के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप दानोदिया ने मंगलवार को चिकित्सा संस्थानों का जायजा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हिट वेव व मौसमी बीमारियों के उपचार की व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र ढाका की ढाणी, चैलासी, सिहोट छोटी, थोरासी, अजीतपुरा, गोठरा भूकरान, जेरठी और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र किरडोली, पलथाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूदन का निरीक्षण कर मौसमी बीमारियों और लू तापघात की तैयारियां का जायजा लिया और संस्था पर साफ सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य सूचकांकों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश प्रदान किए।

## पर्यावरण रैली का आयोजन आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** उप वन संरक्षक, सीकर दीपक कुमार ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे वन भवन परिसर से राजीव गांधी स्मृति वन, सांवली रोड, सीकर तक पर्यावरण रैली का आयोजन किया जाएगा।

## चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की संस्था प्रधानों के साथ बैठक आयोजित

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड में मंगलवार को चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने राजकीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संस्थान प्रधानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने आगामी 24 अप्रैल को होने वाले एचपीवी वैक्सीनेशन महाअभियान में सहयोग करने का आह्वान किया गया है। महाअभियान को लेकर आरसीएचओ डॉ दयानंद सिंह खेतड़ी ब्लाक में पंहुचे, जहां उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान चिकित्सा



विभाग के अधिकारियों ने मेहाड़ा स्थित देवनारायण राजकीय आवासीय विद्यालय, खेतड़ी नगर की केंद्रीय विद्यालय व सोफिया स्कूल का दौरा कर संस्था प्रधानों के साथ बैठक की। डॉ दयानंद सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि देश में महिलाओं को होने वाली कैंसर की बिमारी से बचाने के लिए इस अभियान का शुभारंभ किया गया है, किसी प्रकार के रोग से बचाने के लिए सबसे पहले टीकाकरण होना बहुत जरूरी है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने संस्था प्रधानों व आमजन से अपील करते हुए एचपीवी वैक्सीनेशन महाअभियान में सहयोग की उम्मीद की है। इस अभियान के तहत खेतड़ी ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व उपजिला अस्पताल पर वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, डॉ महेंद्र सैनी, डॉ संजय भारद्वाज, डॉ मानवेंद्र सिंह, देवनारायण बालिका आवासीय स्कूल प्रधानाचार्य विधा रोहिताश आदि मौजूद थे।

## गायों को गुड़ खिलाकर मनाया पूर्व नेता प्रतिपक्ष का जन्मदिन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के 72वें जन्मदिवस पर श्री बालाजी गौशाला सेवा समिति तारानगर में गऊ माता की पूजा कर गुड़ का भोग लगाया। कार्यकर्ताओं ने गायों को गुड़ खिलाकर राठौड़ के जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि राठौड़ सदैव स्वस्थ, सुखी एवं ऊर्जावान रहें तथा जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें। इस दौरान एडवोकेट त्रिलोक रैगर, सुरेश मित्तल, रामचंद्र शर्मा, विजय प्रकाश सोनी, रतन वर्मा, गुलाब शर्मा, आनंद कंदोई, मनोज दुदानी, रामस्वरूप डीग्रवाल, अंजनी स्वामी आदि भाजपा कार्यकर्ता और समिति के अध्यक्ष पवन स्वामी आदि मौजूद थे।

## झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति की नगर कार्यकारिणी गठित

### मनीष थालौर को दी गई संयोजक की जिम्मेदारी

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** झुंझुनू जिला उपभोक्ता समिति के चिड़ावा नगर अध्यक्ष कवि नगेंद्र शर्मा निकुंज ने समिति की नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की है। कार्यकारिणी का गठन समिति के जिला अध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी व जिला संगठन प्रभारी कैप्टन शंकर लाल महारानियां की सहमति से किया गया है। नवनियुक्त कार्यकारिणी में अनुभवी और सक्रिय सदस्यों को शामिल किया गया है ताकि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और जागरूकता अभियान को गति दी जा सके। नव नियुक्त कार्यकारिणी में मनीष थालौर को संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट अरविन्द भगत व दिनेश जांगिड़, सचिव पद पर एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत, सह सचिव विनोद चेजारा व कोषाध्यक्ष पद पर राजेश पूनिया को नियुक्ति दी गई है। कार्यकारिणी में आशु स्वामी व



कर्मवीर गोस्वामी को मीडिया प्रभारी, संपर्क सचिव सज्जन गोदारा व शिक्षाविद् मनोज नायक को बनाया गया है। कार्यक्रम प्रमुख की जिम्मेदारी अशोक तंवर व योगेश वर्मा को दी गई है। कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाजार में होने वाली किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अनुचित व्यापारिक गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाना है। नगेंद्र शर्मा ने विश्वास जताया कि यह टीम जिला संगठन के नेतृत्व के मार्गदर्शन में चिड़ावा में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा के साथ उपभोक्ता हितों के लिए कार्य करने की बात कही है।

## समस्या समाधान शिविर 24 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को सुबह सवा 11 बजे ग्राम पंचायत आकवा में हरिराम बाबा मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि आसपास के गांवों के सभी पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं तथा उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में पेंशन, स्पर्श पीपीओ, रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आते समय अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

## भामाशाह सौंथलिया ने दिया गौ ग्रास सेवा रथ

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** पं गणेशनारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला में गौ सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल सामने आई है। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि जाखल निवासी व मुंबई प्रवासी भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया द्वारा गौशाला को गौ ग्रास सेवा रथ भेंट किया गया है। इस रथ के माध्यम से अब क्षेत्र में घर-घर जाकर गौ ग्रास एकत्रित किया जा सकेगा, जिससे गोशाला में रह रही गायों के लिए नियमित चारे की व्यवस्था और मजबूत होगी। इस अवसर पर गौशाला परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित



किया गया, जिसमें गौशाला कार्यकारिणी सदस्यों ने भामाशाह सौंथलिया व परिजनों का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। गौशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने कहा कि सौंथलिया परिवार का यह सहयोग गौ सेवा के प्रति उनकी गहरी आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। गौ ग्रास सेवा रथ से आमजन की भागीदारी बढ़ेगी और लोग आसानी से गौ सेवा में अपना योगदान दे सकेंगे। इससे गौशाला की व्यवस्थाओं को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय थी। इस मौके पर नन्दकिशोर स्वामी, डॉ श्रवण सिंह शेखावत, महेन्द्र केडिया, कैप्टन महेश बुगालिया, गौरीशंकर सैनी, गोपी किशन केडिया, ताराचंद खेदड़, शिंभू सिंह सूबेदार, महेंद्र सिंह सीमेंट वाले, राजेश बजाज, निर्मला बजाज, पूनम राजेंद्र धानुका, गरिमा विनोद कुमार, उर्मिला देवी, शकुंतला देवी, नमन धानुका सहित गौशाला के पदाधिकारी, ग्रामीण जन व गौ भक्त बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने भामाशाह के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए अन्य लोगों से भी गौ सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र पारीक व विजेंद्र सिंह ने किया।

## दो नाबालिग बच्चियों का बाल विवाह रोका

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर जिले में बाल विवाह के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण और मिसाल पेश करने वाली कार्रवाई सामने आई है, जहां दो नाबालिग बच्चियों के प्रस्तावित बाल विवाह को न केवल समय रहते रोका गया बल्कि न्यायालय से निषेधाज्ञा प्राप्त कर इसे कानूनी रूप से भी प्रतिबंधित किया गया। यह कदम जिले में बाल विवाह रोकथाम के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। श्रीमाधोपुर तहसील के नांगल भी पंचायत के मोहल्ले में दो नाबालिग बच्चियों के बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। सूचना की पुष्टि होने पर 18 तारीख को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस, गायत्री सेवा संस्थान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमाधोपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान सामने आया कि दोनों बच्चियां स्थानीय विद्यालय में अध्ययनरत हैं और हाल ही में कक्षा 10वीं की परीक्षा दे चुकी हैं। इनमें से एक की आयु 17 वर्ष तथा दूसरी की 15 वर्ष पाई गई। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए परिजनों को नोटिस देकर बाल विवाह न करने के लिए पाबंद किया गया। इसके बावजूद 19 अप्रैल 2026 को पुनः सूचना मिली कि विवाह की तैयारियां जारी हैं और पूर्व में दिए गए निर्देशों की अवहेलना की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहयोग से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर श्रीमाधोपुर न्यायालय द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया, जिससे प्रस्तावित विवाह को कानूनी रूप से रोक दिया गया। यह आदेश जिले में बाल विवाह निषेध के तहत प्रथम न्यायिक निषेधाज्ञा है, जो भविष्य में ऐसे मामलों में एक सशक्त नजीर प्रस्तुत करेगा। इसके उपरांत परिजनों को न्यायालय में उपस्थित कर पुनः सख्ती से पाबंद किया गया। इस पूरी कार्रवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सचिव डॉ शालिनी गोयल, सीताराम जाखड़, बाल अधिकारिता विभाग से सहायक उपनिदेशक डॉ गार्गी शर्मा, गायत्री सेवा संस्थान से नरेश कुमार सैनी, अभिषेक बगड़िया, चाइल्ड हेल्पलाइन से राकेश कुमार, राहुल दानोदिया तथा श्रीमाधोपुर थाना पुलिस टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। इस अवसर पर बाल अधिकार विशेषज्ञ एवं पूर्व सदस्य राजस्थान बाल आयोगए राजस्थान सरकार डॉ शैलेंद्र पांड्या ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की धारा 13(1) के अंतर्गत न्यायालय द्वारा जारी यह निषेधाज्ञा आदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल दो बालिकाओं के जीवन को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि अब बाल विवाह जैसे अपराधों के विरुद्ध कानूनी हस्तक्षेप और अधिक प्रभावी एवं सख्त हो रहा है। ऐसे आदेश समाज में एक मजबूत संदेश देते हैं कि बाल विवाह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। डॉ शालिनी गोयल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा की शिक्षा नगरी सीकर में बाल विवाह जैसी कुरीति का होना अत्यंत चिंताजनक है। शिक्षा और सामाजिक कुरीतियां साथ नहीं चल सकती। शिक्षा ही इन कुरीतियों के उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तुरंत टोल-फ्री राष्ट्रीय कानूनी सहायता हेल्पलाइन 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

## दो दिवसीय संस्था प्रधान वाकपीठ संगोष्ठी का समापन

निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लाडनूं के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतगढ़ में आयोजित दो दिवसीय सत्रारंभ वाकपीठ संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। संगोष्ठी में ब्लॉक के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में शैक्षिक नवाचार, प्रभावी शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यालय




विकास से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। वाक्पीठ के दूसरे दिन विद्यालय वातावरण सुधार, परीक्षा परिणाम विश्लेषण, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, शी बॉक्स, खेलकूद गतिविधियों तथा अन्य शैक्षिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किए गए एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ शिक्षण गुणवत्ता सुधारने एवं विद्यालयों में नवाचार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में सीबीईओ प्रहलाद नराणीया का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया सभी शिक्षकों ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनका अभिनंदन कर विदाई दी। इस अवसर पर एसीबीईओ कल्याण सिंह, प्राचार्या डॉ शिल्पी जैन, प्रधानाचार्य रमेश सिंह राठौड़, गोपाल सिंह, पूर्व जिला मंत्री नरपत सिंह जोधा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, ओमशंकर गर्वा, स्काउट सचिव गोकुल चंद रतावा, मनीष सिंघाटीया आदि संस्था प्रधान मौजूद रहे।

## निगम ने किया खुले में कचरा डालने वाले पर 22 हजार का जुर्माना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निगम की ओर से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में मुरलीपुरा जोन क्षेत्र में खुले में कचरा डालने पर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 22 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को न्यू आतिश मार्केट, लोहा मंडी रोड माचेडा क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। उपायुक्त पवन कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक नीलम शर्मा की टीम ने मौके पर एक डम्पर को कचरा और सी एंड डी (कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन) वेस्ट खुले में खाली करते हुए पकड़ा। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 22 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला गया। निगम अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति को भविष्य में खुले में कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद किया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने आमजन से अपील की है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें।

# स्कूली विद्यार्थियों का विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश सोनिका पुरोहित एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास के निर्देशानुसार ट्रांसफोर्मेटिव ट्यूजडेज-लीगल लिटरेसी व सेंसिआइजेशन प्रोग्राम के तहत द्वितीय सत्र मंगलवार को चूरू न्यायक्षेत्र के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जागरूकता गतिविधियों के दौरान प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी रश्मि शर्मा, श्वेता मीणा व आशीष परेवा ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय चूरू व लार्डस इन्टरनेशनल स्कूल, गाजसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच में साइबर अपराध के संबंध में विधिक जागरूकता उत्पन्न कर उन्हें इस अपराध से दूर रखे जाने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु विद्यालय स्तरीय मैकेनिज्म के संबंध में भी जानकारी देते हुये बताया कि विद्यालयों में कोर्ट वाली दीदी के नाम से बच्चों के अनुकूल शिकायत/सुझाव पेटी स्थापित की जायेगी व व सुझाव पेटिकाओं में आने वाली शिकायतों का शेड्यूल के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों में जूनियर लीगल लिटरेसी क्लब स्थापित किए जाने, प्रत्येक माह होने वाले इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को साइबर अपराध से मुक्त रखने के प्रयास करने के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा एलएडीसीएस सुमेरसिंह, विवेक प्रिय सोनी, प्रकाश वर्मा, प्रियंका, संतलाल सहारण, योगेश सहारण व मेघना राकांवत व पैरा लीगल वॉलियन्टर्स ने भी विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को साईबर अपराध के संबंध में जानकारी दी।

# चारधाम यात्रा से पहले हेल्थ चेकअप जरूरी, चिकित्सा विभाग की अपील

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चारधाम यात्रा 2026 को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने यात्रियों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि यात्रा से पहले और दौरान जरूरी सावधानियां अपनाकर ही सुरक्षित व सुखद यात्रा संभव है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि चार धाम के तीर्थ स्थल 2700 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित है, जहां अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन, कम वायुदाब और तेज अल्ट्रा वायलेट रेडिएशन जैसी परिस्थितियां स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में यात्रियों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच करवाना आवश्यक है विशेष रूप से 55 वर्ष से अधिक आयु एवं हृदय रोग, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से ग्रस्त लोगों को। एडवाइजरी में यात्रियों को कम से कम 7 दिन की योजना बनाकर यात्रा करने, बीच-बीच में विश्राम करने, श्वास व्यायाम करने और नियमित रूप से टहलने की सलाह दी गई है। साथ ही गर्म कपड़े, रेनकोट, आवश्यक दवाइयां, पल्स ऑक्सीमीटर व थर्मामीटर साथ रखने और मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा शुरू करने को कहा गया है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि यात्रा के दौरान सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर, उल्टी या शरीर में कमजोरी जैसे लक्षण नजर आने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर संपर्क करें। उच्च ऊंचाई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है, इसलिए विशेष सतर्कता जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा के दौरान शराब, कैफीनयुक्त पेय, धूम्रपान और अनावश्यक दवाओं से बचें तथा प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ और पौष्टिक आहार लें। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर अपनी चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाएं।

# रत्नों से सजे भगवान श्रीराम, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्रीरामचंद्रजी का 141 वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात:काल विशेष पूजा-अर्चना के साथ 101 किलो देसी गाय के दूध से भगवान श्रीराम का भव्य अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भगवान श्री रामचंद्र को बहुमूल्य रत्नों एवं आकर्षक आभूषणों से सजाया गया, जिससे मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को गोविंद की गैया मंडल की ओर से भव्य बधाई उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। यह संपूर्ण आयोजन महंत महाराज नरेंद्र तिवारी के सानिध्य एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण को और प्रगाढ़ किया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार 25 अप्रैल को श्री जानकी नवमी महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को श्रीजानकीजी के चरण दर्शन कराए जाएंगे।

# केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री चौधरी आज आंएगे चूरू

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी बुधवार 22 अप्रैल को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार में केन्द्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी बुधवार 22 अप्रैल को सवेरे 7 बजे किशनगढ़ से प्रस्थान कर सवेरे 11 बजे चूरू आएंगे तथा चूरू जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे और दोपहर 12 बजे किशनगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# छठी किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को ओसियां, जोधपुर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत छठी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि इसी क्रम में डीओआईटी वीसी सभागार में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन व आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

# जेईई-मेन 2026 में एलन जयपुर का दबदबा, श्रेष्ठ जसोरिया बने सिटी टॉपर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई-मेन 2026 के सेशन-2 परिणामों में एलन जयपुर क्लासरूम स्टूडेंट्स ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर में श्रेष्ठता साबित की है। एलन जोनल हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट अरुण जैन ने बताया कि जयपुर सिटी के टॉप-5 सभी स्टूडेंट्स एलन जयपुर से हैं। एलन जयपुर के स्टूडेंट श्रेष्ठ जसोरिया ने ऑल इंडिया रैंक-30 प्राप्त कर जयपुर सिटी टॉप किया है साथ ही वे एसटी कैटेगरी में नेशनल टॉपर बने हैं। इसके अलावा प्रखर शर्मा ऑल इंडिया रैंक-38 सेकंड सिटी टॉपर, रूचित अग्रवाल ऑल इंडिया रैंक-48 थर्ड, लक्षित सिंसिनवार ऑल इंडिया रैंक-73 फोर्थ और भव्य गर्ग ऑल इंडिया रैंक-81 फिफ्थ सिटी टॉपर रहे। रिजल्ट्स के अनुसार एलन जयपुर के 27 स्टूडेंट्स टॉप-2000 में शामिल हुए हैं। इनमें टॉप-50 में 3, टॉप-100 में 5, टॉप-200 में 7, टॉप-500 में 9 और टॉप-1000 में 19 स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है। अरुण जैन ने कहा कि एलन जयपुर अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और अनुभवी फैकल्टी के दम पर लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। एलन करियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर चिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। इसके अलावा टॉप-10 में एलन के 4 स्टूडेंट्स शामिल रहे, जिनमें अर्नव गौतम ऑल इंडिया रैंक-5, शुभम कुमार ऑल इंडिया रैंक-6 और ऋषि प्रेमनाथ ऑल इंडिया रैंक-8 शामिल हैं।

टॉप-20 में 9 और टॉप-100 में 41 स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम से रहे। रिजल्ट्स की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एलन ने अपने परिणामों को ईवाई इंडिया से वैलिडेट भी कराया है। एलन जयपुर से टॉप-2000 में शामिल प्रमुख स्टूडेंट्स में श्रेष्ठ जसोरिया 30, प्रखर शर्मा 38, रूचित अग्रवाल 48, लक्षित सिंसिनवार 73, भव्य गर्ग 81, दक्ष सेहरा 157, कोविड सिंघल 167, चयनिका मंडल 284, मोहित मालीवाल 397, दक्ष खंडेलवाल 578, आर्यन सक्सेना 600, प्रियम भट्टाचार्य 696, अवनीश अग्रवाल 771, हर्षित खंडेलवाल 796, जाह्नवी सिंघल 834, नेहल जैन 842, कृष जांगिड़ 850, विवान सिंह 852, चिराग सिसोदिया 973, दिव्या रणवका 1062, अक्षत अग्रवाल 1105, क्षितिज खंडेलवाल 1126, ध्रुव शर्मा 1177, दर्शील गुप्ता 1321, इशित यादव 1350, आदित्य गर्ग 1438 और शशांक गुप्ता 1999 शामिल हैं।

# पाण्डुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटाईजेशन का कार्य प्रारम्भ

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों,विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मठों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध भारत की विभिन्न विषयों की पाण्डुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटाईजेशन का कार्य किया जाना है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि किसी के पास पांडुलिपि उपलब्ध हो तो सूचना कार्यालय की ईमेल आईडी या मोबाईल नम्बर 7014000497 पर उपलब्ध करवाएं ताकि सूचना का डिजिटाईजेशन किया जा सके।

# तापमान बढ़ते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

## हीटवेव से बचाव के इंतजाम तेज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** बढ़ते तापमान और तेज गर्मी को देखते हुए जयपुर में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। संभावित हीटवेव के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत तथा जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। दोनों अधिकारियों ने बताया कि लू के प्रभाव से शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है, जिससे चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार लेना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर को ढक कर निकलें और हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें। किसान, मजदूर एवं खुले में काम करने वाले लोग समय-समय पर छाया में विश्राम करें और पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ या ओआरएस का सेवन करते रहें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई गई है। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ जयपुर प्रथम डॉ इंद्रा गुप्ता तथा जयपुर द्वितीय डॉ सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत ओपीडी रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण काउंटर पर छाया की व्यवस्था, स्वच्छ और ठंडे पेयजल की उपलब्धता, वेटिंग एरिया में शेड तथा संस्थानों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार गतिविधियां चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि लोग हीटवेव से बचाव के उपाय अपनाकर सुरक्षित रह सकें।

# सीवर हादसे में मृत स्वच्छता कर्मियों के परिजनों को सौंपी सहायता राशि

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सीवर चैंबर की सफाई के दौरान 17 अप्रैल को जहरीली गैस से हुई दो स्वच्छता कर्मियों की मौत के मामले में मंगलवार को जयपुर नगर निगम ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। नगर निगम स्वास्थ्य शाखा के उपायुक्त ओम थानवी पीड़ितों के निवास पहुंचे और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, वाल्मीकि समाज सरपंच मनोज चांवरिया व सफाई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में परिजनों को चेक सौंपे। प्रतिनिधिमंडल ने चांदमारी पुरानी बस्ती शास्त्री नगर निवासी अजय उर्फ सेठी और चिंकारा कैंटीन क्षेत्र नाला पावर हाउस निवासी रामबाबू के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। निगम की ओर से अजय की माता छोटी देवी और रामबाबू की पत्नी पूनम को मुआवजा राशि के चेक दिए गए।

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है और इसकी भरपाई संभव नहीं, लेकिन यह आर्थिक सहयोग परिवारों को संबल देगा। समझौते के तहत प्रत्येक मृतक के परिवार को ठेकेदार फर्म और नगर निगम की ओर से 10-10 लाख रुपए, मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5-5 लाख रुपए तथा विधायक द्वारा 25-25 हजार रुपए दिए गए हैं। इसके अलावा स्वायत्त शासन विभाग द्वारा 30-30 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि भी दी जाएगी। प्रशासन ने मृतकों के एक-एक आश्रित को संविदा पर नौकरी और आजीविका के लिए डेयरी बूथ उपलब्ध कराने पर भी सहमति जताई है। नगर निगम ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना का आश्वासन दिया है।

# एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त को साढ़े 3 साल की सजा

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तारानगर संतोष कुमार मीणा ने तारानगर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में अभियुक्त प्रवीण कुमार निवासी धर्मपुर थाना बदी तहसील नालागढ़ निला सोलन, हिमाचल प्रदेश को धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध मानते हुए 3 साल 6 महीने के कठोर कारावास से दंडित किया है। अर्थदण्ड राशि जमा नहीं करवाने पर अभियुक्त को 3 माह का साधारण कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा।

उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज कुमार स्वामी ने की।

# राजेंद्र कुमार नायक आज आएंगे चूरू

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक बुधवार 22 अप्रैल को चूरू आएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक बुधवार को सुजानगढ़ से प्रस्थान कर चूरू जिला मुख्यालय पर लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के मूर्ति लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा 23 अप्रैल को सवेरे 9 बजे चूरू से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोग अध्यक्ष बुधवार 22 अप्रैल को चूरू सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता विभाग, सीकर के उप निदेशक राजेंद्र चौधरी के निर्देशन में मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग की टीम द्वारा सीकर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कल्याण बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र शर्मा के समन्वय से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभाग की पीएसएसके इकाई से प्रबंधक नीलम कुमारी एवं रिचा पारीक ने विद्यार्थियों को बताया कि बाल विवाह उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी तथा बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अवगत कराया गया कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार से सहभागिता करने वाले व्यक्तियों, जैसे हलवाई, पंडित, फोटोग्राफर, बाराती, टेंट संचालक एवं डीजे संचालक के विरुद्ध कानूनन कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें दंड का प्रावधान भी शामिल है। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जाए। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है। इसके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर द्वारा विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पॉक्सो तथा गुड टच एवं बैड टच के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र शर्मा ने विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से अपील की कि वे अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

# परिसीमन और महिला आरक्षण मुद्दे पर महिला कांग्रेस का विरोध

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में महिला कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा की नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने केंद्र सरकार पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए महिला आरक्षण कानून को लागू करने में देरी और परिसीमन विधेयक को लेकर सवाल उठाए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद में सर्वसम्मति से पारित हो चुका है, इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन करीब 30 महीने की देरी से जारी किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महिला आरक्षण लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तें जोड़कर इसे टालने का प्रयास किया। लाम्बा ने कहा कि हाल ही में 16 से 18 अप्रैल 2026 के बीच बुलाए गए संसद के विशेष सत्र का उद्देश्य महिला आरक्षण पर चर्चा नहीं, बल्कि परिसीमन से जुड़ा संशोधन विधेयक लाना था। विपक्ष ने सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक और विधेयक का मसौदा साझा करने की मांग की, जिसे सरकार ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बिना नई जनगणना के परिसीमन कर लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने की योजना बना रही है, जिससे दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों को नुकसान हो सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के विरोध के चलते यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। कांग्रेस की मांग है कि वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में तत्काल महिला आरक्षण लागू कर 180 सीटें महिलाओं को दी जाएं। साथ ही ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण में शामिल करने की मांग उठाई गई। लाम्बा ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना 2026-27 में पूर्ण कराने और उसके आधार पर ही परिसीमन की मांग करती है। उन्होंने भाजपा पर पहले जातिगत जनगणना का विरोध करने और अब दबाव में इसे स्वीकार करने का आरोप भी लगाया। प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने 1992 में 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज और नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिया, जिसके चलते आज बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि बनी हैं। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि महिला आरक्षण कानून को जल्द लागू नहीं किया गया तो देशभर में आंदोलन तेज किए जाएंगे। साथ ही आगामी मानसून सत्र में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की बात कही गई।

# कमजोर पानी का प्रेशर बना पेयजल संकट कारण

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** जलदाय विभाग के कार्यालय में बनी पानी टंकी के द्वारा यहां पर सुबह दी जा रही पानी की सप्लाई का प्रेशर कुछ समय से कमजोर होने से लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है । हालांकि विभाग के अधिकारियों ने इस टंकी से पेयजल व्यवस्था हर जगह पर सही पहुंचे इसके लिए सुबह शाम पानी सप्लाई करने की अलग-अलग समय पर करने की व्यवस्था बना रखी है लेकिन इसके बावजूद कुछ दिनों से सुबह दी जा रही सप्लाई में कम प्रेशर से पानी आने की वजह से लोगों को पर्याप्त पानी नसीब नहीं हो रहा है। जिसके कारण लोगों के पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। लोगों ने बताया कि इससे पहले अच्छा खासा पानी नलों में जलदाय विभाग का आ रहा था और जबसे कम प्रेशर से पानी आना शुरू हुआ पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। जलदाय विभाग कार्यालय में पानी की टंकी है इस पानी की टंकी से आसपास इलाके में सप्लाई की जाती है लेकिन मुख्य बाजार कुचामन मार्ग साइड में सुबह पानी की सप्लाई की जाती है और कम प्रेशर से पानी आ रहा है। जबकि इस इलाके में जलदाय विभाग का अच्छा खासा पानी आता था। ऐसे हालात थे कि लोगों को घरों में पानी भरने के बाद नल बंद करने पड़ते थे। न कोई बदलाव हुआ और नहीं कोई ट्यूबवेल खराब होने की जानकारी मिल रही है। विधायक गोरधन वर्मा के प्रयास से सरकार ने पेयजल व्यवस्था सुधारने को लेकर बड़ी राशि खर्च कर पेयजल स्त्रोत बढ़ाए थे ताकि पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। इसके बाद विभाग के अधिकारियों की अच्छी खासी व्यवस्था करने के चलते यहां पर पेयजल की इन इलाकों में व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर लोट गई थी। लोगों का कहना है कि जब पहले अच्छा खासा पानी इलाकों में आ रहा था तो अब यह कम प्रेशर से पानी आने की समस्या कैसे उत्पन्न हो गई।

## सम्पादकीय

# मार्ग दुर्घटनाओं का सिलसिला

**जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर जिले में एक बस के गहरी खाई में गिरने से 20 से अधिक यात्रियों की मौत आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में से एक है। चूंकि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या अधिक है, इसलिए शीर्ष स्तर पर शोक व्यक्त किया जाया जा रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच का भरोसा दिया जा रहा है, पर सब जानते हैं कि ऐसे आश्वासन मार्ग दुर्घटनाओं को कम करने में कतई सहायक नहीं बन पा रहे हैं।**

अपने देश में मार्ग दुर्घटनाएं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आम तौर पर हर सड़क दुर्घटना के बाद वही-वही कारण सामने आते हैं, जिनके चलते तमाम मार्ग दुर्घटनाएं हो चुकी होती हैं। जैसे ओवर लोडिंग, तेज रफ्तार, लापरवाह ड्राइविंग, अकुशल चालक, यातायात नियमों की अनदेखी या फिर खराब सड़कें अथवा उस पर खतरनाक मोड़।

ऊधमपुर में यात्रियों से भरी जो बस खाई में गिरी, उसके दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण उसकी तेज रफ्तार के साथ उसमें आवश्यकता से अधिक यात्री सवार होना बताया जा रहा है। ध्यान रहे यह सरकारी बस थी और फिर भी उसमें इतनी ओवरलोडिंग थी कि कुछ यात्री खड़े होकर यात्रा कर रहे थे। पहाड़ी रास्तों पर तो अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी चाहिए थी, पर ऐसा नहीं किया गया।

यह संभव नहीं कि बस अड्डे से निकली इस बस पर पुलिस की निगाह न पड़ी हो, लेकिन अपने देश में इस तरह के उल्लंघन इतने आम हो चुके हैं कि उन पर कोई भी ध्यान नहीं देता। विडंबना यह है कि प्रायः यात्री भी खड़े होकर यात्रा करने में गुरेज नहीं करते। वे जोखिम का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

ऐसा नहीं है कि केवल यात्री वाहन ही ओवरलोडिंग करते हों। यही काम कमर्शियल वाहन भी करते हैं और इसके चलते वे भी दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। हमारे नीति-नियंता उन सभी कारणों से भली तरह परिचित हैं, जिनके चलते सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उनका निवारण करने के नाम पर केवल कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं।

आम सड़कों से लेकर राजमार्गों तक का निर्माण इस तरह सुनिश्चित नहीं किया जा पा रहा है कि उनकी डिजाइन में कोई खामी न रहे और उनमें ब्लैक स्पाट यानी जोखिम वाले ठौर न बनने पाएं। इसी तरह पुलिस यह सुनिश्चित नहीं कर पा रही है कि कोई भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न करने पाए।

लगातार बढ़ती मार्ग दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों को रोकने के लिए जिस तरह खोखले आश्वासन देकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है, उससे तो यही लगता है कि लोगों की जान की कोई कीमत ही नहीं। यह समझा जाए तो अच्छा कि मार्ग दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष होने वाली लाखों अकाल मौतें विधि का विधान नहीं, बल्कि लापरवाही का दुष्परिणाम हैं।

## विशेष आलेख

# हिमालयी पर्यावरण को तीर्थयात्रियों के दबाव से बचाएं

हिमालय की अति संवेदनशील पर्यावरणीय स्थिति को देखते हुए चारधाम यात्रा के लिए प्रतिदिन तीर्थयात्रियों की संख्या तय होनी जरूरी है। लेकिन स्थानीय हितधारकों के दबाव के चलते राज्य में यह सीमा एक बार लागू करके वापस ले ली गयी। बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते सुरक्षा उपाय अनिवार्य हैं।


अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा ग्रीष्मकाल के लिए शुरू हो चुकी है। देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु ऑनलाइन यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। सवाल अभी भी अनुत्तरित है कि हिमालय की अति संवेदनशील पर्यावरणीय स्थिति को देखते हुए आखिर कितने तीर्थयात्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा एक ही दिन में एक साथ कर सकते हैं।

हरित प्राधिकरण यानी एनजीटी भी बार-बार उत्तराखंड सरकार पर जोर डाल रहा है कि वह चारों धामों की कैरीइंग कैपेसिटी (धारण क्षमता) का वैज्ञानिक अध्ययन करवाकर रिपोर्ट पेश करे ताकि कानूनन आगंतुकों की संख्या तय की जा सके। लेकिन होटल, ढाबा, पुजारियों और अन्य हितधारकों का इतना दबाव है कि उनकी नाराजगी से सीधे राजनीतिक संभावनाओं पर असर का जोखिम है। इसी दबाव के चलते 2022 में यात्रियों की तय सीमा को 2023 में स्वयं ही समाप्त कर दिया गया। लेकिन अब एनजीटी व पर्यावरणवादी इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

वैज्ञानिकों के अनुसार, पहले से ही बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के संकट से घिरे इस क्षेत्र पर त्रासदियों की संख्या और आवृत्तियों में वृद्धि होती जा रही है। हिमालय एशिया का जलस्तंभ होने के साथ ही उपमहाद्वीप का मौसम नियंत्रक भी है, इसलिये हिमालय के संकट को मात्र स्थानिक दृष्टि से नहीं देखा जा सकता।

पिछले 25 साल में उत्तराखंड स्थित चारों हिमालयी धामों में यात्रियों के साथ ही वाहनों की संख्या भी कई गुना बढ़ती जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कुल यात्रियों की संख्या वर्ष 2025 में 51,09,848 तक पहुंच गई है। वहीं वाहनों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। वाहनों से जो प्रदूषणकारी उत्सर्जन होता है, उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, फोटोकैमिकल ऑक्सीडेंट, वायु विष यानी बेंजीन, एल्डिहाइड, ब्यूटाडीन, सीसा, पार्टिकुलेट मैटर, हाइड्रोकार्बन व सल्फर के ऑक्साइड आदि शामिल होते हैं। पर्यावरणविदों के लिए एक और चिंता का विषय ब्लैक कार्बन है, जो कि जलवायु परिवर्तन करने के साथ ही ग्लेशियरों को भी पिघला रहा है।

एनजीटी ने उत्तराखंड सरकार को आगामी 21 जुलाई से पहले चारों धामों में भीड़ की दृष्टि से वहन क्षमता को लेकर वैज्ञानिक रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया है। वास्तव में हिमालयी क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण की कवायद सदा से विवादों और दबावों के घेरे में रही है। राज्य सरकार ने 2022 में साहसिक निर्णय लेते हुए प्रतिदिन यात्रियों की संख्या निर्धारित की थी, जिसमें बद्रीनाथ के लिए 15 हजार और केदारनाथ के लिए 12 हजार जैसी सीमाएं तय थीं। इसे सुरक्षा की दिशा में मानक कदम माना गया था। लेकिन वर्ष 2023 आते-आते स्थानीय व्यावसायिक हितों और हितधारकों के आर्थिक दबाव के चलते यह सीमा हटा ली गई। होटल व्यवसायियों व परिवहन संचालकों की अल्पकालिक




आर्थिक चिंताओं ने दीर्घकालिक सुरक्षा जोखिमों को पीछे धकेल दिया।

वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया और आईआईटी रुड़की के शोध इशारा करते हैं कि हिमालय के ऊंचे क्षेत्रों की अपनी एक भौतिक सीमा है। वैज्ञानिकों का मत है कि प्रत्येक धाम की भौगोलिक बनावट, ढलानों की स्थिरता और वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन भिन्न हैं। आईआईटी रुड़की के आपदा विशेषज्ञों के अनुसार, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अत्यधिक मानवीय गतिविधियों और भारी निर्माण कार्य से ढलानों की 'इंटरनल बाइंडिंग' कमजोर होती है, जिससे भूस्खलन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। जब इन अस्थिर ढलानों पर वाहनों और लोगों का अतिरिक्त भार पड़ता है, तो यह किसी बड़े भूगर्भीय असंतुलन का ट्रिगर बन सकता है। भीड़ का प्रभाव केवल सड़कों पर जाम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके वैज्ञानिक दुष्परिणाम कहीं अधिक गहरे हैं। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी के शोध बताते हैं कि अचानक बढ़ने वाली जनसंख्या से हिमालयी जल स्रोतों और स्प्रिंग्स (नौलेधारों) पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे स्थानीय जल चक्र प्रभावित होता है। इसके अतिरिक्त, कचरा प्रबंधन चुनौती बनकर उभरा है। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक यात्री द्वारा छोड़ा गया प्लास्टिक और जैविक कचरा संवेदनशील ग्लेशियरों के समीप एकत्र होकर वहां के तापमान और पारिस्थितिकी को प्रभावित कर रहा है। कचरे का यह ढेर अंततः अलकनंदा और भागीरथी जैसी पवित्र नदियों की जल गुणवत्ता को प्रदूषित कर रहा है, जिसका प्रभाव पहाड़ों से लेकर गंगा के मैदानी इलाकों तक देखा जा सकता है।

विश्व प्रसिद्ध भीड़ वैज्ञानिक डिर्क हेल्बिंग के अनुसार, जब किसी सीमित स्थान पर घनत्व चार व्यक्ति प्रति वर्ग मीटर से अधिक हो जाता है, तो वहां 'क्राउड टर्बुलेंस' की स्थिति पैदा होती है। ऐसे में व्यक्ति की अपनी गति समाप्त हो जाती है और वह भीड़ के दबाव में एक तरल पदार्थ की तरह बहने लगता है। चारधाम के संकरे मंदिर परिसरों और खड़ी चढ़ाई वाले रास्तों पर ऐसी स्थिति किसी भी क्षण भगदड़ या जनहानि का कारण बन सकती है।

शासन और समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस धारणा को बदलने की है कि यात्रियों की संख्या सीमित करना आस्था पर प्रहार है। वास्तव में, यह आस्था को सुरक्षित करने का ही एक उपक्रम है। हिमालय की संवेदनशीलता को देखते हुए अब डिजिटल पंजीकरण, स्लॉट आधारित दर्शन और 'एंट्री-एग्जिट' नियंत्रण जैसे आधुनिक प्रबंधनों को बिना किसी राजनीतिक या व्यावसायिक दबाव के लागू करना होगा। स्थानीय समुदायों को भी यह समझना होगा कि यदि हिमालय सुरक्षित नहीं रहा, तो उनकी आजीविका का यह आधार ही सदा के लिए समाप्त हो जाएगा।

## आज का राशिफल

### मेष
पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### वृष
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

### मिथुन
उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें।

### कर्क
क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी।

### सिंह
प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

### कन्या
आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे।

### तुला
रुका धन मिलेगा। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

### वृश्चिक
घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

### धनु
अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

### मकर
स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

### कुंभ
अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### मीन
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# दूध में मिलाकर पिएं कच्ची हल्दी, सेहत को मिलेंगे यह फायदे

कच्ची हल्दी का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। तमाम तरह के डिशेज को तैयार करने के लिए हल्दी का इस्तेमाल मसाले के तौर पर हर घर में होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पकी हुई हल्दी से ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद गुणों की वजह से कच्ची हल्दी को आयुर्वेद में औषधि के रूप में भी किया जाता है। कच्ची हल्दी में मौजूद गुण चोट, घाव, शरीर की सूजन, इन्फेक्शन और बुखार आदि में बहुत उपयोगी होते हैं। दूध में कच्ची हल्दी मिलाकर पीने से आपके शरीर को कई फायदे मिलते हैं। कच्ची हल्दी और दूध में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और इन्फेक्शन आदि दूर करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। कच्ची हल्दी में औषधीय गुण और पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। कच्ची हल्दी में एंटी-बायोटिक गुण होते हैं जो शरीर के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं। कच्ची हल्दी को दूध में उबालकर पीने से इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं। कच्ची हल्दी में विटामिन के, विटामिन सी, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, जिंक, थियामिन और राइबोफ्लेविन आदि की प्रचुर मात्रा होती है। इसका सेवन शरीर के सभी अंगों को हेल्दी रखना और बीमारियों से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होता है।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** कच्ची हल्दी वाला दूध पीने से आपको वजन कम करने में भी बहुत फायदा मिलता है।

कच्ची हल्दी में करक्यूमिन की मात्रा होती है, जो आपको मोटापा, स्ट्रोक और डायबिटीज जैसी समस्याओं में बहुत फायदेमंद होती है। कच्ची हल्दी वाला दूध सुबह के समय पीने से आपको दिन में ज्यादा भूख नहीं लगती और शरीर का चयापचय ठीक रहता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से वजन कम करने में फायदा मिलता है।

**इम्यूनिटी बूस्ट करने में फायदेमंद :** शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए कच्ची हल्दी और दूध का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। कच्ची हल्दी और दूध में मौजूद गुण इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और शरीर को इन्फेक्शन या बीमारियों से बचाने का काम करते हैं।



**डायबिटीज में फायदेमंद :** कच्ची हल्दी वाला दूध पीने से डायबिटीज के मरीजों को भी कई फायदे मिलते हैं। कच्ची हल्दी में मौजूद गुण शरीर में इंसुलिन लेवल को कंट्रोल करते हैं और ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। रोजाना कच्ची हल्दी को दूध में उबालकर पीने से डायबिटीज के मरीजों को कई फायदे मिलते हैं।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** कच्ची हल्दी और दूध का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों को दूर करने में भी कच्ची हल्दी और दूध का सेवन बहुत फायदेमंद है। कच्ची हल्दी को दूध में उबालकर पीने से कब्ज, एसिडिटी और अपच आदि की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

**सर्दी-खांसी और इन्फेक्शन में फायदेमंद :** सर्दी-खांसी और जुकाम जैसे इन्फेक्शन में कच्ची हल्दी को दूध में उबालकर पीने से बहुत फायदा मिलता है। कच्ची हल्दी में मौजूद एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल गुण इन्फेक्शन को दूर करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। कच्ची हल्दी को दूध में उबालकर पीना फायदेमंद होता है।

**कार्यालय नगर पालिका दांता जिला - सीकर (राज.)**
nagarpalikadanta@rajasthan gov.in Phone No. :- 01577294333
क्रमांकः- न.पा.दांता / 2026-27 / 136 दिनांक :- 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका दांता द्वारा निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाऐ दिनांक 26.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण (http://sppp.raj.nic.in) व (http://eproc.rajasthan.gov.in)में तथा कार्यालय में देखा जा सकता है।
NIB Code & DLB2627A0493
UBN.No.- DLB2627WSOB01537
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका दांता
राज.संवाद / सी / 26 / 1127

**कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)**
बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com
क्रमांकः- न.पा.रा./26-27/23 दिनांक : -13.04.2026

**निविदा सूचना :-45**

नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये (ई-प्रोक्यूरमेन्ट) ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। टेण्डर ऑनलाईन http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त किये जाकर ऑन लाईन ही जमा कराने होगें। निविदा सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in), http://eproc.rajasthan.gov.in पर NIB Code DLB2627A0502 Bid Title / (UBN) DLB2627WSOB01594, DLB2627WSOB01581, DLB2627WSOB01584, DLB2627WSOB01586, DLB2627WSOB01587, DLB2627WSOB01588, DLB2627WSOB01590, DLB2627WSOB01592, DLB2627WSOB01595, DLB2627WSOB01596, DLB2627WSOB01597 पर देखी जा सकती है।
नोट :- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)
राज.संवाद / सी / 26 / 1135

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सुलताना**
जिला-झुंझुनूं (राज.) पिन कोड नं.- 333028
Email- nagarpalika.sultana@gmail.com
क्रमांक :-नपासु / स्टोर / 2026-2027 / 84 दिनांक :- 09.04.2026

**वार्षिक निविदा सूचना संख्या -01/2026-27**

नगरपालिका सुलताना द्वारा कार्यालय के लिए विभिन्न कार्य हेतु वार्षिक निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें सक्षम श्रेणी में पंजिकृत संवेदक/कम्पनी/फर्म भाग ले सकते है। निविदा से सबंधित समस्त विवरण व शर्ते http://www.sppp.rajasthan.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।
NIB CODE - DLB2627A0156
UBN CODE - DLB2627SSOB00477, DLB2627SSOB00478, DLB2627SSOB00481, DLB2627SSOB00482, DLB2627SSOB00483, DLB2627SSOB00484, DLB2627SSOB00485, DLB2627SSOB00486, DLB2627SSOB00489, DLB2627SSOB00491, DLB2627SSOB00492
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सुलताना
राज.संवाद / सी / 26 / 1156

# चेहरे पर लगाएं प्याज का रस और शहद, मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे

स्किन को खूबसूरत और बेदाग बनाए रखने के लिए निरंतर देखभाल की जरूरत होती है। स्किन की सही ढंग से देखभाल न करने से आपको कई परेशानियां हो सकती हैं। चेहरे पर प्याज का रस और शहद लगाने से आपको बहुत फायदा मिलता है। प्याज में मौजूद गुण स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। प्याज के रस में विटामिन ए, एंटी-ऑक्सीडेंट, क्वेरसेप्टिन जैसे गुण होते हैं जो स्किन को बेदाग, ग्लोइंग और कई समस्याओं से मुक्त बनाते हैं। वहीं शहद में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण स्किन के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। बढ़ती उम्र के कारण स्किन पर झुर्रियां, स्किन का डल होना और चेहरे पर दाग-धब्बे होना आम है। इन समस्याओं से बचने के लिए प्याज के रस को शहद के साथ चेहरे पर लगाना बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में मौजूद विटामिन सी, विटामिन ए और ई स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। स्किन को डिटॉक्स करने और कोलेजन बढ़ाने के लिए प्याज के रस के साथ शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है।

**मुहांसों की समस्या में फायदेमंद :** मुहांसों की समस्या में प्याज के रस के साथ शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में फ्लेवोनोइड्स



और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो मुहांसों की समस्या में बहुत फायदेमंद होते हैं। प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर मास्क की तरह से लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और उसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। सप्ताह में दो से तीन बार ऐसा करने से मुहांसों की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

**स्किन का ग्लो बढ़ाए :** स्किन का ग्लो बढ़ाने के लिए प्याज के रस में शहद मिलाकर लगाना बहुत फायदेमंद होता है। चेहरे की गंदगी साफ करने और चेहरे के ग्लो को बढ़ाने के लिए आप एक चम्मच प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाएं और स्किन टोनर या मास्क की तरह से चेहरे पर लगाएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा बेसन भी मिला सकते हैं। इसे चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर चेहरे को धो लें।

**दाग-धब्बे करे दूर :** चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों और पैच आदि को दूर करने के लिए प्याज का रस और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर अच्छी तरह से लगाएं। इसे 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। ऐसा कुछ दिनों तक करने से आपको फायदा मिलेगा।

**पिंपल्स दूर करने में फायदेमंद :** चेहरे पर मौजूद पिंपल्स की समस्या से छुटकारा पाने के लिए प्याज के रस में शहद मिलाकर लगाने से बहुत फायदा मिलता है। पिंपल्स के ऊपर प्याज के रस में जैतून का तेल और शहद मिलाकर लगाएं। इसे थोड़ी देर तक लगा रहने दें और फिर साफ कर लें। ऐसा कुछ दिनों तक करने से आपको पिंपल्स से छुटकारा मिलेगा।

**झुर्रियों को कम करने में फायदेमंद :** चेहरे पर मौजूद झुर्रियों को कम करने के लिए प्याज के रस में शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। बढ़ती उम्र के कारण झुर्रियों को कम करने के लिए प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

## दूसरे दिन धरना हुआ समाप्त



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तीन सूत्री मांगों को लेकर के जलदाय विभाग कार्यालय के सामने चल रहा कामरेड जगदीश नाथ का धरना दूसरे दिन मंगलवार को समाप्त हो गया। सहायक अभियंता सुनील कुमार धरने पर पहुंचे और वहां पर ज्ञापन सौंपने पर तीनों मांगों पर कार्य चालू करने की बात पर सहमति बनी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। तीन सूत्री मांगों में पाईप लाईन लीकेज ठीक करवाने, तोड़ी गई सड़कों को दुरूस्त करवाने तथा पेयजल किल्लत की समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर धरना दिया गया। जगदीश नाथ ने बताया कि मांगों पर कार्य चालू कर दिया गया है। धरने पर गिरधारी खीचड़, संजय नाथ, अमित पांडिया, जितेंद्र भार्गव, राजकुमार जाखड़, कमल कुमार प्रजापत, कमल गुर्जर आदि लोगों ने शिरकत की।

## आयुक्त को भौतिक सत्यापन में मिले पूरे 25 ट्रेक्टर्स



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सोमवार को तहसीलदार व कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के बाद मंगलवार को टेक्टर्स की संख्या का भौतिक सत्यापन किया गया। सोमवार को किए गए निरीक्षण के दौरान ठेकेदार कालूराम ने 10 ट्रेक्टर्स की सूची पेश की थी जो कि कचरा उठाने के लिए लगाए गए हैं। दूसरी ओर सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने बताया कि घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाए गए 15 ट्रेक्टर्स की सूची कालूराम आयुक्त को दे नहीं पाया था, जिसके चलते यह गलतफहमी पैदा हो गई थी कि कहीं 25 की जगह 10 ट्रेक्टर्स ही तो नहीं चल रहे। इसलिए ग्रीन स्पेस पार्क के सामने सुबह सभी कचरा उठाने व संग्रहित करने के लिए लगाए गए 25 ट्रेक्टर्स को लाईन लगाकर खड़ा किया गया और उसके बाद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने निरीक्षण किया, जिस पर संख्या सही पाई गई। वहीं ठेकेदार कालूराम ने बताया कि होच-पोच हो जाने के कारण मैं दूसरी लिस्ट नहीं दे पाया। वहीं निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने कहा कि सभी ट्रेक्टर्स ढके हुए पाये गये हैं तथा आज भी मैंने निरीक्षण किया है, जिस पर 7 सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले हैं, जिनके नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक दिन पहले आई खबरों से जनता में संदेश चला गया कि मात्र 10 ही ट्रेक्टर्स लगे हैं, जबकि वह एक ही सूची पेश कर पाने के कारण आधी जानकारी सामने आ पाई थी।

## विद्यार्थियों ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में आरयूआइडीपी की ओर से निर्माण सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गौशाला चुरू रोड का मरुधर आईटीआईए के निर्देशक महेश भाम्बू के नेतृत्व में विधार्थियों ने भ्रमण कर प्लांट के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की। प्लांट में उपस्थित एल एंड टी कम्पनी के इन्जीनियरस सोमेन बैरा, विष्णु स्वामी व कार्तिक ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की सबसे पहले घरेलू सीवरेज कनेक्शन की गन्दगी आती है जो प्रथम पम्पिंग होकर ट्रीट के होने के लिए उपर प्लांट में जाती है वंहा से चार फैज से गुजर कर मुख्य एक जगह आ जाती है ओर वंहा गन्दगी में ऑक्सिजन छोड़कर बेक्टिरिया जिन्दा रखा जाता जिससे स्लज निचे बैठ जाती है और लास्ट फैज में क्लोरीन द्वारा पानी को साफ किया जाता है ये पानी किसानों के लिए खेत में सिंचाई में काम आयेगा और इससे जो खाद आती है वो भी खेत लिए उपयोगी है। यहां का पुरा प्लांट ओटोमेटिक है। कार्यक्रम का संचालन आरयूआइडीपी के जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने किया।

## धूमधाम से मनाया राठौड़ का जन्मदिवस



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता व विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का जन्मदिवस श्री राजलदेसर गौशाला में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौमाता को गुड़ व चारा खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान तुलादान भी किया गया और गौ सेवा का संदेश दिया गया। इस मौके पर गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष ललित दाधीच, हनुमानमल टोकसिया, भगवान दास स्वामी, पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़, रामलाल सैनी, इंद्रपाल प्रजापत, वीरेंद्र लाटा, शिवभगवान सोनी, इंद्राज शर्मा, मदन दाधीच, पवन प्रजापत पार्षद, राधेश्याम पाण्डे, मुरारी मारू, कालूराम भार्गव, ओमप्रकाश बामनिया, जयराम गुर्जर, गणेश स्वामी, प्रकाश, विजय, महेन्द्र सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैठक कल

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में 23 अप्रैल, 2026 को सायं 05 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना कार्यालय में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचते हुए महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम को पारित होने से रोका : अग्रवाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में महिला आरक्षण मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचते हुए महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम को पारित होने से रोकने का प्रयास किया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने नारायणी देवी वर्मा, जानकी देवी बजाज, हाड़ी रानी, रानी कर्णावती, रानी पद्मावती, पन्ना धाय और अमृता देवी बिश्नोई जैसी प्रेरणादायक महिलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा महिला आरक्षण को एक सैद्धांतिक विषय मानती है और इसे जल्द से जल्द व्यवहारिक रूप से लागू करने के लिए प्रयासरत है।

उनके अनुसार महिलाओं की भागीदारी के बिना देश के विकास और परिपक्व लोकतंत्र की कल्पना संभव नहीं है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए डॉ अग्रवाल ने कहा कि 2023 में विपक्ष ने मजबूरी में महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया था लेकिन अब चुनाव दूर होने पर वे विभिन्न बहानों से इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए कहा कि यह दल केवल प्रधानमंत्री के विरोध के लिए एकजुट हुए हैं और आपसी मतभेदों से घिरे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल परिवारवाद से ग्रसित हैं और उनमें आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है जबकि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए हैं। इस संदर्भ में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को महिला सशक्तिकरण की जीवंत प्रतीक बताया। डॉ अग्रवाल ने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं जागरूक हैं और समय आने पर विपक्ष को जवाब देंगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा का स्पष्ट संकल्प है कि महिलाओं को उनका अधिकार मिले और पार्टी इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जेजेटी में संकाय विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन भी लिया प्रशिक्षण

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण, परिणाम-आधारित शिक्षा एवं शैक्षणिक नवाचार के माध्यम से उच्च शिक्षा का रूपांतरण रहा। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला, कुलपति प्रो. मधु गुप्ता तथा कुल सचिव डॉ. अजीत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों को नवीन शैक्षणिक प्रवृत्तियों से अवगत कराया जा रहा है। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में सीकर के प्रख्यात शिक्षाविद डॉ अजय बहुगुणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एनईपी-2020 के संदर्भ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह शिक्षा की गुणवत्ता, व्यक्तिगत अधिगम तथा मूल्यांकन प्रणाली को अधिक प्रभावी बना रही है। द्वितीय सत्र में गोरखपुर उत्तर प्रदेश से जुड़े शिक्षाविद डॉ सत्यप्रकाश मौर्य ने ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल शिक्षण साधनों की भूमिका तथा भविष्य की स्मार्ट शिक्षा प्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ सुरेंद्र कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ धर्मेंद्र कौशिक, फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ नाजिया हुसैन, सह-समन्वयक डॉ नीतिश कुमार गौतम तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डीएसडब्ल्यू डॉ अनंता शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता सहित डॉ इकराम कुरैशी, कपिल जानू, डॉ सविता सांगवान, डॉ धनेश कुमार मीणा, डॉ शिवकुमार एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग में राजेश साई, सुनील सैनी एवं अजय जांगिड़ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आरती पंवार एवं डॉ ज्योति सोनी द्वारा किया गया।

## पोर्टल समस्या के चलते बाल आधार केन्द्र आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले की पंचायत समितियों, नगरीय क्षेत्रों एवं चिन्हित स्थानों पर सीईएलसी (चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट) केन्द्र स्थापित किए जाने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। पूर्व में 19 मार्च से 17 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे लेकिन पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सके। जिला आधार चयन समिति की सदस्य सचिव दीपा राणासरिया ने बताया कि तकनीकी समस्या के समाधान के बाद अब आवेदन की तिथि 18 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में कार्य करने के इच्छुक हैं वे यूआईडीएआई नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभागए राजस्थान द्वारा निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से जी2सी में राजआधार पोर्टल पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

## जेईई मेन 2026 में आकाश के छात्रों ने मचाई धूम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन 2026 सेशन-2 के परिणामों में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के राजस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आकाश के छात्र यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक 11 हासिल कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा यथार्व अग्रवाल ने 99.95 परसेंटाइल, नेहा परवानी ने 99.89 और लिशा अग्रवाल ने 99.87 परसेंटाइल प्राप्त किए। अन्य सफल विद्यार्थियों में स्वास्तिक बिकास देब 99.86, प्रियांशु गुप्ता 99.85, विभोर माहेश्वरी 99.83, वैदिक दाधीच 99.82, प्रियांश भंडारी 99.81, कनिष्क शर्मा 99.81, रुद्राक्ष गुप्ता 99.79, गार्गी पालीवाल 99.77, दीपक व्यास 99.77 और चैतन्य नाटानी 99.73 शामिल हैं। आकाश राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत और संस्थान के सशक्त शैक्षणिक तंत्र का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की प्रतिबद्धता और निरंतर अभ्यास का प्रमाण है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय आत्म-अनुशासन, नियमित अभ्यास, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और मॉक टेस्ट के माध्यम से समय-समय पर किए गए मूल्यांकन को दिया। उल्लेखनीय है कि जेईई मेन परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित होती है, जो एनआईटी, आईआईआईटी सहित अन्य संस्थानों में प्रवेश के साथ-साथ जेईई एडवांस्ड के लिए पात्रता प्रदान करती है।

## स्कूलों में आयोजित हुए विधिक जागरूकता के कार्यक्रम



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ द्वारा राज्यव्यापी विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नाथोताााब स्थित एक निजी स्कूल में एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रजापत भाटी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साइबर क्राइम के प्रति पूर्ण जागरूकता जरूरी है। हर क्लिक करने से पहले सोचें, क्योंकि ऑन लाईन रिकॉर्ड हमेशा के लिए बन जाता है, किसी की फर्जी आईडी बनाना, कुछ भी एडिट करके वीडियो बनाना, पिछा करना सब साइबर अपराध हैं। डरें नहीं जागरूक रहें सिस्टम हमेशा साइबर अपराध से पीड़ित के साथ है। भाटी ने कहा कि बाल विवाह अपराध है, उसमें किसी भी प्रकार से सहयोगी नहीं बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम भामा ने की। विशिष्ट अतिथि वंदना कंवर, एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल, संतोष सोनी, पुष्पा शेखावत उप प्रधानाचार्या मंचासीन रही। संचालन पीएलवी विजय पाल श्योराण ने किया। इसी प्रकार गांधी बालिका में साइबर क्राइम जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसीजेएम विकास गजराज ने अध्यक्षता की। प्रधानाचार्य ललिता भोजक के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विकास गजराज ने साइबर क्राइम के तमाम अवगुण को बताते हुए समाज में युवा पीढ़ी में साइबर क्राइम के बढ़ते प्रभाव और मानव मानसिकता सिकुड़ने लगी और हमें विद्यार्थी जीवन में सोशल आईडी से दूरी बनाकर चलनी चाहिए ताकि हम अधिक से अधिक समय अपने अध्ययन और पुस्तकों को दे सकें। कार्यक्रम में एडवोकेट रजनीकांत सोनी, बसंत खेतान, पीएलवी मयंक त्रिवेदी आदि ने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में हेमलता भार्गव, रानी जैन, ममता दुग्गड़, ममता शर्मा, दिशा समरिया, पूजा स्वामी आदि मौजूद रहे।

## संकल्प दिवस समारोह में शामिल होने की अपील

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लेफ्टिनेंट जनरल स्व. सगत सिंह की मूर्ति अनावरण समारोह शौर्य दिवस और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस को संकल्प दिवस के रूप में 22 अप्रैल को चूरू में मनाया जाएगा। 22 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुजानगढ़ मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ दशकों से जनता की सेवा कर रहे हैं। हमारे लिए गौरव का विषय है कि 22 अप्रैल को राठौड़ के जन्मदिन की सभा और देश के गौरव जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण होना है। जिसमें आप सभी को अधिकाधिक संख्या में चूरू चलना है। कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए सुजानगढ़ भाजपा संगठन के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सुजानगढ़ के विभिन्न स्थानों से आमजन के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई है ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हो सकें। मीटिंग में एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, विधानसभा विस्तारक महावीर सेन, मंडल महामंत्री प्रकाश भार्गव, उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारनिया, विजय चौहान, मंत्री देवेन्द्र भाटी, मुरारी खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, कृष्ण कुमावत, वीरेंद्र गहलोत, दीपक बागड़ा, दिनेश, गोपाल, राहुल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस थाने में बाल साध्वी हेमलता बाई के भाई बाबूलाल प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर दादू द्वारा आश्रम में बाबा हरजीत सिंह अपने साथ पंजाब पुलिस के तीन हथियारबंद सुरक्षा कर्मियों के साथ आश्रम पहुंचे। आरोप है कि बाबा हेमलता बाईराम को कमरे में ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया। मारपीट से रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि आश्रम में सेवा कर रही एक बालिका जब पानी देने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई तथा उसके कपड़े फाड़ दिए गए। वहीं इस संबंध में दूसरी ओर बाबा हरजीतसिंह ने भी पहले दिन मामला दर्ज कराया था।

## जोधपुर डिस्कॉम के भंडारगृह में लगी स्पार्किंग से आग, मची अफरा-तफरी

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में हाईटेंशन लाइन में हुई स्पार्किंग के बाद क्षेत्र के जोधपुर डिस्कॉम के स्टोर रूम में आग लग गई। आगजनी की घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई तथा धुएं का गुब्बार देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर नगरपालिका की दो दमकलें मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया।


मिली जानकारी के अनुसार 132 केवी जीएसएस से 11 हजार केवी की लाइन स्टोर रूम से होते हुए रामचंद्र पार्क की तरफ जा रही है। हाईटेंशन लाइन के स्टोर रूम में लगे पोल का जंफर मंगलवार की दोपहर तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया। बिजली की हुई स्पार्किंग की चिंगारी से स्टोर में रखे सामान



ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते धुएं का गुब्बार व आग की लपटें उठने लगी।

घटना का पता चलने पर डिस्कॉम के कर्मचारियों ने अधिकारियों को अवगत करवाया तथा सूचना पर नगरपालिका की दो दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्णतया काबू पाया गया। इस दौरान डिस्कॉम के कर्मचारियों, दमकल कर्मियों एवं मोहल्ले के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान मोहल्ले के पंकजसिंह, कुशालसिंह, प्रदीपसिंह, गिरवरसिंह सहित कई लोगों ने बताया कि उक्त स्थान पर पूर्व में भी एक-दो दफा आगजनी की घटना हो चुकी है जबकि यहां पर ऑयल के सैकड़ों ड्रम भरे हुए पड़े है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर जनसभा में चलने का दिया न्यौता



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को तारानगर शहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क कर 22 अप्रैल को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन एवं लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम कृषि उपज मंडी चूरू में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया।

कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर व्यापारियों से इस आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष जमरदिन तेली, विशाल शर्मा, अशोक जांगिड़, देवकरण कल्ला, गुमान सिंह सैनी, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद समीर, रमेश राहड़, शाहरुख खान सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक ही रात में दो जगह चोरी की वारदात, बाड़े से बकरियां व दुकान से किराना का सामान चोरी

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो जगह चोरी की वारदात हुई है। चोर बाड़े से बकरियां व दुकान से किराना का सामान चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार भोपालगढ़ रोड़ पर पशुपालक ताराचंद नायक ने अपने घर के पास बने बाड़े में बकरियां बांध रखी थी। रात को अज्ञात चोर बाड़े से बकरियां चोरी कर ले गए। जब उसने देखा तो बाड़े में बकरियां नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके अलावा रंवा निवासी देवेंद्र ने बताया कि गांव में उसकी किराना की दुकान है। रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर अपने घर गया था। सुबह आकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। इस दौरान जब उसने सामान की जांच की तो दुकान से किराना का सामान, चीनी के पांच कटे, तीन खांड के कटे, चार चावल के कट्टे, सरसोंए तेल, कोल्डड्रिंक सहित अन्य सामान गायब मिला। इस दौरान उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी तो खेतड़ी पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। खेतड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की वारदात हो रही है लेकिन पुलिस एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है। जिसके चलते लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों व्यक्तियों की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि पुलिस संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा किया जाएगा।

# सुबह उठने पर आंखों में सूजन होने के हो सकते हैं ये कारण



सुबह उठने के बाद अगर आपकी आंखों में थकान सी लगे या आंखों के आसपास सूजन की समस्या हो, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर कभी-कभार ऐसा होता है तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन यदि अक्सर ही ऐसा होता है कि सुबह उठने पर आपकी आंखों में सूजन दिखाई देती है आंखों में इस तरह की सूजन के कई कारण हो सकते हैं।

**ज्यादा नमक का सेवन :** सुबह अगर आपकी आंखों में सूजन है, तो इसका एक कारण ज्यादा नमक का सेवन भी हो सकता है। दरअसल खाने में नमक ज्यादा लेने से शरीर में नमक जमा हो जाता है और इसी वजह से पानी जमा होने लगता है। ज्यादातर ये पानी आंखों के आसपास टिशूज में और निचली पलकों में जमा होता है। इस वजह से आंखें सूजी हुई नजर आती हैं।

**क्या है उपचार :** अगर आप खाने में नमक की मात्रा कम करके सेवन करेंगे तो सूजन की परेशानी भी कम होने लगेगी। इसके साथ ही अगर ज्यादा नमक का सेवन कर लिया है तो ढेर सारा पानी पियें।

**एलर्जी की समस्या :** आँखों में सूजन के पीछे एक कारण किसी तरह की एलर्जी भी हो सकती है। इसमें मौसमी एलर्जी, धूल से एलर्जी, स्किन एलर्जी आदि भी शामिल है। एलर्जी के कारण चेहरे और आंखों में सूजन हो सकती है या त्वचा पर लालपन, चकत्ते आदि भी हो सकते हैं।

**क्या है उपचार :** आप डॉक्टर की सलाह से एलर्जी की दवा लें। आपको ऐसी चीजों से बचने की जरूरत है जिससे एलर्जी की समस्या होती है। अगर आपकी इम्यूनिटी मजबूत नहीं है, तो अपने आहार में कुछ पौष्टिक चीजों को शामिल करें।

**ज्यादा शराब का सेवन :** ज्यादा शराब पीने से शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है और सुबह उठने के बाद आंखों के नीचे सूजन होने लगती है। दरअसल शराब ब्लड वेसल्स (रक्त वाहिकाओं) को फैलाती है। और जहां ब्लड वेसल्स फैल जाती है वहां तरल जमा हो जाता है।

**क्या है उपचार :** सोने से पहले और जब आप उठते हैं, तो ढेर सारा पानी पिएं। आप आई क्रीम भी आजमा सकते हैं। साथ ही टी बैग की मदद से सूजन को दूर करने में मदद मिलती है। इसके अलावा कोशिश करें कि शराब का सेवन बहुत अधिक मात्रा में न करें।

**आंखो को मसलना :** ज्यादातर लोगों को आदत होती है कि, वो बार-बार अपनी आँखों को मलते, रगड़ते और मसलते रहते हैं। कुछ लोगों में नींद में भी ये आदत परस्पर चलती रहती है। इससे आँखों के इर्द-गिर्द नाजुक स्किन काफी प्रभावित होती है और वो सूज जाती है।

**क्या है उपचार :** अपनी आँखों को रगड़ने से बचें। रात को सोने से पहले ठंडा दूध पिएं। ठंडे दूध में ऐसे तत्व होते हैं जिससे स्किन की सूजन कम होती है।

**टेंशन से भी हो सकती है आंखों में सूजन :** तनाव या टेंशन भी आंखों में सूजन का कारण बन सकती है। टेंशन लेने से आपके शरीर में कार्टिसोल हार्मोन बढ़ने लगता है, जिससे आँखों के आस-पास सूजन होने लगती है। इसके अलावा आप जब भी रोते हैं, तो रोने से आंखों में सूजन होने लगती है। इसके पीछे के कारण नमक का एकत्र होना भी है। जो सूजन का कारण बनते हैं।

**क्या है उपचार :** जितना हो सके टेंशन कम लें। आप वर्कआउट का सहारा ले सकते हैं। साथ ही ठंडी चीजें जैसे खीरा और आइसक्रीम भी आजमा सकते हैं। इससे थकान भी दूर होगी और सूजन से छुटकारा मिलेगा।

# प्याज का रस वजन घटाने से लेकर सीजनल बीमारियों से बचाव करता है



प्याज को सब्जी के रूप में जाना जाता है जो कि हर भारतीय रसोई में मौजूद होती है। प्याज ना केवल स्वाद बढ़ाने में उपयोगी है बल्कि इसके इस्तेमाल से शरीर को कई फायदे भी हो सकते हैं। बता दें कि प्याज के अंदर ऊर्जा, विटामिन सी, विटामिन ई, पोटेशियम, आयरन, मैंग्नीशियम, फास्फोरस, बीटा कैरोटीन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। लेकिन हम बात कर रहे हैं प्याज के रस की। बता दें कि प्याज के रस को पीने से सेहत को कई फायदे हो सकते हैं। प्याज का रस तासीर में ठंडा होता है लेकिन सर्दियों में इसका सेवन सीमित मात्रा में किया जा सकता है। ऐसे में सबसे पहले इसकी मात्रा की जानकारी होनी भी जरूरी है।

**बढ़े आंखों की रोशनी :** आंखों की रोशनी को बढ़ाने में प्याज का रस आपके बेहद काम आ सकता है इससे संबंधित शोध भी सामने आया है जो यह चाहता है कि प्याज के रस के सेवन से व्यक्ति की आंखों की घटती रोशनी बढ़ सकती है बता दें कि प्याज के रस के अंदर एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं जो कंजेक्टिवाइटिस की समस्या को दूर करने में भी उपयोगी है ऐसे में प्याज के रस से आंखों की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**नींद की समस्या हो दूर :** नींद की समस्या को दूर करने में प्याज का रस आपके बेहद काम आ सकता है। बता दें कि इससे संबंधित एक शोध भी सामने आया है, जिससे पता चलता है कि प्याज के रस में सेडेटिव गुण मौजूद होते हैं ये गुण मन को शांत रखने में उपयोगी हैं। ऐसे में हम कह सकते हैं कि अनिद्रा की समस्या को दूर रखने में प्याज का रस आपके बेहद काम आ सकता है।

मूड हो जाए अच्छा : मूड की समस्या को दूर करने में प्याज का रस बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। प्याज के रस में सेडेटिव गुण पा जाते हैं। ऐसे में जब मन शांत रहेगा तो मूड पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। व्यक्ति प्याज के रस का सेवन मूड को अच्छा रखने के लिए कर सकता है।

**बढ़े प्रजनन क्षमता :** प्रजनन क्षमता को मजबूत बनाने में प्याज का रस आपके बेहद काम आ सकता है। बता दें कि इसके लिए एक रिसर्च भी सामने आई है जिससे यह पता चलता है कि पुरुषों में टेस्टेरॉन हार्मोन के स्तर को बढ़ाने में प्याज का रस बहुत उपयोगी है। इस हार्मोन के बढ़ने से पुरुषों की यौन शक्ति में बढ़ोत्तरी हो सकती है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि पुरुषों की प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में प्याज का रस बेहद उपयोगी है।

**सूजन को करे कम :** सूजन को दूर करने में भी प्याज का रस आपके बेहद काम आ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्याज के रस में एनाल्जेसिक जो कि दर्द निवारक के रूप में काम करता है और एंटीइन्फ्लामेट्री (जो कि एक सूजनरोधी है, वाले गुण मौजूद होते हैं। ऐसे में प्याज के रस का सेवन सूजन और दर्द, दोनों की समस्या को दूर करन में आपके बेहद काम आ सकता है।

**सीजनल बीमारियों से दिलाए छुटकारा :** सर्दियों की शुरुआत हो गई है। ऐसे में प्याज का रस सीजनल समस्याओं से आपका बचाव कर सकता है। बता दें कि प्याज के रस को नियमित रूप से पिया जा सकता है जो सर्दी, जुकां, फ्लू आदि को दूर करने में आपके काम आ सकता है।

**वजन को कम करने में है उपयोगी :** वजन को दूर करने में प्याज के रस का सेवन आपके बेहद काम आ सकता है। ऐसे में व्यक्ति प्याज के रस में शहद को मिलाए और इसका सेवन करे। हालांकि इस मिश्रण को अपनी डाइट में जोड़ने से पहले एक बार एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।

**मधुमेह की समस्या हो दूर :** जो लोग डायबिटीज की समस्या से ग्रस्त हैं उनके लिए प्याज का रस बेहद उपयोगी है। बता दें कि इस पर एक शोध भी सामने आया है जो प्रिवेंटिव न्यूट्रिशन एंड फूड साइंस द्वारा किया गया है। प्याज के रस में हाइपोग्लाइसेमिक गुण पाए जाते हैं जो कि ब्लड शुगर कम करने में उपयोगी हैं।

# अधूरी नींद और टेंशन भी हो सकते हैं बढ़ते पेट की चर्बी का कारण



इन दिनों हर कोई अपने बैली फैट के कारण परेशान है। ये न सिर्फ आपकी अपियरेंस को खराब करता है, बल्कि आपकी हेल्थ पर भी बुरा असर डालता है। अगर आपने पेट की चर्बी को कम करने के लिए हर तरह के उपाय अजमा लिए हैं तो आपको इस बात की खबर तो हो ही गई होगी की पेट कम करना आसान नहीं है। पेट कम करने के लिए आपको बहुत सारी मेहनत करने की जरूरत है साथ ही पेट कम करने के लिए आपको कई सारे बलिदान भी देने होंगे। लेकिन इन सभी चीजों से पहले आपको ये समझने की जरूरत है कि पेट की चर्बी क्यों बढ़ती है और इसे बढ़ने से रोकने के लिए हम क्या कर सकत हैं।

## गलत जीवनशैली

अगर आप पूरे दिन कोई फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं तो पेट की चर्बी कम करना आपके लिए काफी मुश्किल भरा हो सकता है। रोजाना एक्सरसाइज और योगा ही आपको शेप में रखता है और आपको अपनी कमर के आसपास फैट को कम करने में मदद करता है। पेट कतम करने के लिए आप एब-सेंट्रिक वर्कआउट की मदद ले सकते हैं, जो घर पर करना आसान हो। एक बार में पेट तो अंदर नहीं होगा, लेकिन धीरे-धीरे आपको फर्क दिखने लगेगा।

## सेहत के लिए खराब है ट्रांस फैट

शरीर के लिए फैट खाना जरूरी है, लेकिन इससे भी जरूरी बात यह जानना है कि आपके लिए कौन से फैट सही हैं। ऐसे में ट्रांस फैट आपकी सेहत के लिए खराब है, ये न केवल पेट की चर्बी को बढ़ाता है, बल्कि आपके पूरे शरीर के वजन को भी बढ़ाता है। ट्रांस फैट पैकेज्ड खाने में होता है। ऐसे में पेट की चर्बी कम करने के लिए, आपको उन चीजों में कटौती करनी चाहिए जिनमें ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है। इसके बजाय साबुत अनाज उत्पादों पर स्विच करें, जो फाइबर और सब्जियों से भरपूर होते हैं जिनमें बहुत सारे पोषक तत्व और मिनरल्स होते हैं।

## मीठी चीजें

आपकी खाने की आदतें आपके स्वास्थ्य और वजन को असर कर सकती हैं। अगर आप बहुत अधिक चीनी का खाते हैं, तो आपके पेट में ज्यादा चर्बी बढ़ सकती है, जो बीयर गट्स की ओर ले जाता है। चीनी वाली खाना और ड्रिंक, फैट के रूप में पेट में जमा हो सकते है। शुगर क्रेविंग को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि स्वस्थ कार्ब्स, ढेर सारा पानी पिएं, ताकि आपका पेट भरा रहे।

## स्ट्रेस और अधूरी नींद

अध्ययनों के मुताबिक तनाव और चिंता से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन हो सकता है, जो बदले में आपके मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देता है। मेटाबॉलिज्म की दर कम होने से वजन कम होने या पेट की चर्बी कम होने की संभावना काफी कम हो जाती है। बहुत कम नींद आपके कोर्टिसोल को बढ़ा सकती है और हाई कैलोरी वाले खाने के लिए आपकी क्रेविंग भी बढ़ा सकती है, ऐसे में पेट की चर्बी बढ़ जाती है। अगर आप पेट की चर्बी से छुटकारा पाना चाहते हैं और स्वस्थ वजन बनाए रखना चाहते हैं, तो अपने तनाव के स्तर को रोकना बेहद जरूरी है। इसके अलावा रोजाना 7-8 घंटे की नींद भी जरूरी है।

## एल्कोहल

शराब पीने के कारण भी पेट की चर्बी बढ़ सकती है। अक्सर, एल्कोहोलिक ड्रिंक को खाली कैलोरी कहा जाता है, इसका मतलब है कि वे आपके शरीर को केवल कैलोरी देते हैं, लेकिन कोई पोषक तत्व नहीं। अगर आप पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं और आप शराबी हैं, तो आपको तुरंत इसे पीना बंद कर देना चाहिए या कम से कम धीरे-धीरे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, महिलाओं को प्रति दिन केवल एक ड्रिंक पीना चाहिए, जबकि पुरुष रोजाना दो ड्रिंक पी सकते हैं या बिल्कुल नहीं। अपनी प्यास बुझाने के लिए शराब का सहारा लेने के बजाय पानी का सहारा लें।

# डेंगू होने पर मरीजों के लीवर पर भी पड़ रहा असर

इस बार डेंगू शुरुआती दिनों में ही लिवर की सेहत पर असर डाल रहा है। डॉक्टरों को अभी तक इसकी वजह पता नहीं लग सकी है। डॉक्टरों का कहना है कि पहले डेंगू होने के पांच से छह दिन बाद गंभीर बीमार होने पर लिवर के एंजाइम बढ़े हुए नजर आते थे लेकिन अब शुरुआती दो दिनों में ही लिवर एंजाइम पर असर पड़ रहा है। इस बार डेंगू का निशाना लिवर और पैंक्रियाज पर है। बल्कि लिवर के एंजाइमों की भी जांच कराएं। डॉक्टरों ने बताया कि सिर्फ सीबीसी नहीं, इस बार डेंगू का बुरा असर देखने को मिल रहा है। अधिकतर मामले में यह गंभीर हो रहा है और लिवर में गड़बड़ी हो रही है। पहले जब डेंगू होता था तो तीन-चार दिन तक मरीज गंभीर बीमार नहीं होता था। इसलिए जरूरी है कि मरीज बुखार आने पर पहले-दूसरे दिन ही डॉक्टर को दिखाएं।



## इस स्थिति में तुरंत अस्पताल जाएं

डॉक्टर के अनुसार, गंभीर लक्षणों में बेहोशी होना, सांस लेने में तकलीफ, नाक और मसूड़ों से खून आना, दस्त व उल्टी में खून आना शामिल हैं। ये लक्षण महसूस होते ही मरीज को बिना देर किए अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करवाना चाहिए। डॉक्टर ने कहा कि समय पर इलाज से लीवर, किडनी और दूसरे अंगों पर डेंगू के असर को रोका जा सकता है।

# ड्राई स्किन से छुटकारा पाने के लिए लगाएं ग्लिसरीन और गुलाब जल

ग्लिसरीन और गुलाब जल दोनों ही त्वचा को नमी पहुंचाने का काम करते हैं। पर दोनों दो अलग-अलग चीजें हैं और त्वचा के लिए अलग प्रकार से काम करते हैं। जैसे कि बात अगर ग्लिसरीन की करें, तो ये ग्लिसरॉल के रूप में जाना जाता है और ये वेजिटेबल और एनिमल फैट से बनता है। तो, वहीं गुलाब जल, गुलाब की पंखुड़ियों से बनता है। ग्लिसरीन एक ह्यूमेक्टेंट की तरह काम करता है और त्वचा में नमी को बरकरार रखता है। दरअसल, ह्यूमेक्टेंट हवा से नमी खींचकर और इसे त्वचा तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस मॉइस्चराइजिंग क्षमता के कारण, ग्लिसरीन झुर्रियों और ब्रेकआउट को रोकने में मददगार है और त्वचा के समग्र स्वास्थ्य में सुधार करता है। दूसरी तरफ, गुलाब जल संवेदनशील त्वचा के लिए फायदेमंद है और त्वचा की परतों को शांत करने में मदद करता है।

**ग्लिसरीन कब और कैसे करें इस्तेमाल :** ग्लिसरीन एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में कार्य करता है और क्षतिग्रस्त त्वचा की मरम्मत करने में मददगार है। साथ ही ये दाने के निशानों को कम करता है और त्वचा को अंदर से उज्ज्वल बनाता है। ये झुर्रियों और महीन रेखाओं को रोकता है और स्किन इंफेक्शन का इलाज करता है। ग्लिसरीन का इस्तेमाल आप कभी भी इस्तेमाल कर सकते हैं पर रात में इसे लगा कर सोने से बचें।

- इसका एंटीबैक्टीरियल और एंटी वायरल गुण घावों को सही करने में मदद करता है।
- चेहरे को साफ करने के लिए
- सोरायसिस और एक्जिमा से राहत दिलाने पाने के लिए।
- फटी एड़ियों और हाथों को मुलायम बनाने के लिए।
- फटे होंठों को ठीक करने के लिए।

**कैसे करें इस्तेमाल :** त्वचा पर सीधे उपयोग करने से पहले हमेशा ग्लिसरीन को पतला करें। इसके अलावा चेहरे पर इसे लगाने से पहले एस बार पैच टेस्ट जरूर कर लें। ताकि अगर आपकी स्किन को इससे एलर्जी हो तो आपको पहले ही पता चल जाए। दरअसल, जैसे कि आप ग्लिसरीन को अपने चेहरे पर लगाते हैं, ये पहले जलन पैदा करता है और गर्म महसूस होता है। आप इसे क्लींजर, टोनर और मॉइस्चराइजर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही आप अपने फट हुए होंठों पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। ये होठों में नमी को लॉक कर देता है और इसे मुलायम बनाता है। इसके लिए आप ग्लिसरीन को नींबू के रस में मिलाकर लगा सकते हैं।

**एक्ने के निशानों को हल्का करता है :** ग्लिसरीन के कुछ हेल्दी फैट एक्ने के निशानों को कम करने में मदद करते हैं। इसके लिए ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलकर एक बेहतरीन टोनर बनाएं। अब इसे हर दिन थोड़ा थोड़ा लगाएं। ये स्किन को साफ करता है और त्वचा में खोई हुई नमी को बरकरार रखता है और मुंहासों को रोकता है।

**त्वचा की रंगत निखारता है :** ग्लिसरीन हमेशा से त्वचा की रंगत निखारने के लिए जाना जाता है। दरअसल, ग्लिसरीन के ह्यूमेकटेंट गुण त्वचा की बाहरी परत में हाइड्रेशन को बेहतर बनाते हैं। इससे ऊपरी परत पर त्वचा नरम हो जाती है, जिससे कि डेड सेल्स को हटाना आसान हो जाता है। इससे हम त्वचा की गहराई से सफाई कर पाते हैं। इसके अलावा ये त्वचा को एक्सफोलिएशन भी करता है और त्वचा की कोशिकाओं को हटाने और स्किन के सुस्त रंग को उज्ज्वल करने में मदद मदद करता है।

ड्राईनेस को कम करता है : अगर आपकी त्वचा शुष्क और निर्जलित है या फिर आपके चेहरे पर एक्जिमा जैसी परेशानी है तो आपकी त्वचा को ग्लिसरीन फायदेमंद है। ये त्वचा में नमी को आकर्षित करता है और इसे आपकी त्वचा से बांधता है और सूखापन रोकता है। गुलाब जल पानी और गुलाब की पंखुड़ियों से बना तरल पदार्थ है। इसकी मीठी सुगंध के कारण इसका उपयोग इत्र के रूप में किया जाता है, लेकिन इसके औषधीय गुण भी हैं जो कि खाने से लेकर लगाने कर कई कामों के लिए फायदेमंद बनाता है। गुलाब जल की खास बात ये है कि आप इसे अपने घर पर भी बना सकते हैं। इसके अलावा गुलाब जल में एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण भी होते हैं जो घावों को तेजी से भरने में मदद कर सकते हैं। ये गुण कट और जलन के संक्रमण को साफ करने और उससे लड़ने में मदद कर सकते हैं। ये कटने, जलने और यहां तक कि निशान को तेजी से ठीक करने में भी मदद कर सकते हैं। गुलाब जल को आप अपने चेहरे के लिए कभी भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

- त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए क्लींजिंग में आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- त्वचा की टोनिंग के लिए आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- त्वचा की मॉइस्चराइजिंग के आप इसे लगा सकते हैं।
- ऑयली स्किन, ब्लैकहेड्स, व्हाइटहेड्स और एक्ने जैसी समस्याओं को रोकने में भी आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल :** गुलाब जल को आप त्वचा के लिए कई प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कि आप सबसे पहले तो-इसे यूंही अपने चेहरे पर सुबह उठते ही लगा सकते हैं। ये त्वचा की सूजन को कम करेगा।

- इसे आप फेस पैक में मिला कर इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसे आप अपने देसी स्किन केयर नुस्खों में मिला सकते हैं।
- गुलाब जल को आप चेहरे पर लगा कर सो भी सकते हैं, पर इसके लिए पैच टेस्ट कर लें और हो सके तो होम मेड ये त्वचा के पोर्स को साफ करता है और एक्स्ट्रा ऑयल के प्रोडक्शन को रोकता है। इसके अलाव ये संवेदनशील स्किन की टोनिंग में भी मददगार है।

# रात को सोने से पहले स्किन पर लगाएं घी

**घी के फायदों के बारे में तो हम सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर घी का इस्तेमाल चेहरे पर किया जाए तो कई समस्याओं को दूर किया जा सकता है। बता दें कि घी के अंदर पानी, ऊर्जा, विटामिन ए, कैलोरी आदि तत्व मौजूद होते हैं जो सेहत के लिए उपयोगी हैं। लेकिन अगर घी का प्रयोग चेहरे पर किया जाए तो स्किन की कई समस्याओं को दूर रखा जा सकता है। खासतौर पर रात में घी लगाकर सोने से चेहरे की बनावट पर भी प्रभाव आ सकता है।**

## जले घाव को भरने में उपयोगी

जले घावों को दूर करने में भी घी आपके बेहद काम आ सकता है। कभी-कभी त्वचा पर जले घाव सूरज की तेज किरणों के कारण भी हो जाते हैं, जो काले और भद्दे नजर आते हैं। ऐसे में अगर व्यक्ति रात को सोने से पहले घी को अपने चेहरे पर लगाए तो इससे जले निशानों को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा आप अपने चेहरे पर घी को एक घंटे के लिए भी लगा सकते हैं। ऐसा करने से भी वही प्रभाव मिलेगा।

## नमी बरकरार रखे

सर्दियों में अकसर आपने देखा होगा कि त्वचा रूखी और बेजान नजर आ सकती है। ऐसे में घी इस समस्या को दूर करने में आपके बेहद काम आ सकता है। रात को सोने से पहले रूई के माध्यम से अपनी त्वचा पर घी का इस्तेमाल करें। इस घी को रात भर अपने चेहरे पर लगे रहने दें। ऐसा करने से रूखी त्वचा से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो घी को अपनी ब्यूटी रूटीन में शामिल करने से पहले एक बार एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।


## रंग में बदलाव

रात को सोने से पहले त्वचा पर घी लगाने से रंग में बदलाव लाया जा सकता है। जो लोग अपने डार्क रंग से परेशान है वे घी की मदद से अपनी इस परेशानी को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आप रात को सोने से पहले घी को अपनी त्वचा पर अप्लाई करें। इसके अलावा आप चाहें तो दिन में घी का प्रयोग क्रीम की तरह कर सकते हैं। ऐसा करने से रंग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ध्यान दें कि रंग में बदलाव लाने के लिए घी का इस्तेमाल नियमित रूप से किया जाना जरूरी है।

## सूजन को रोके


शरीर के किसी भी हिस्से में सूजन हो जाए तो उस सूजन को दूर करने में घी आपके बेहद काम आ सकता है। जैसा कि हमने पहले भी बताया घी के अंदर भरपूर मात्रा में आयुर्वेदिक गुण मौजूद होते हैं। ऐसे में सूजन को रोकने के लिए घी को रात में सोते वक्त अप्लाई करें और अगले दिन चेहरे को पानी से धोने से पहले चेहरा किसी सूती कपड़ से साफ कर लें। इसके अलावा आप घी को गुनगुना करके प्रभावित स्थान पर एक घंटे के लिए लगा सकते हैं।





## ताज लेक पैलेस उदयपुर

पिछौला झील पर बनी यह प्रॉपर्टी ऐतिहासिक संपत्तियों में से एक है। इस लक्जरी होटल में अनेकों अमीर और मशहूर शख्सियतों ने शिरकत की है। यहां आप स्पा बोट एक्सपीरियंस के साथ जीवा स्पा में रॉयल्टी महसूस कर सकते हैं।



# भारत के पानी में तैरने वाले होटल, सुविधाएं ऐसी कि बड़े से बड़ा 5 स्टार होटल हो जाए इनके सामने फेल

यूं तो आपने भारत में एक से बढ़कर एक होटल देखें होंगे। जाहिर है यात्रा के दौरान आपने इन होटलों में स्टे भी किया होगा। लेकिन क्या आप भारत के फ्लोटिंग होटल के बारे में जानते हैं? वैसे फ्लोटिंग होटल कोई नई चीज नहीं है, ये ट्रेंड लंबे समय से भारत में है। देश में कई तैरते हुए होटल बने हुए हैं, जो पहले कभी गेस्ट हाउस या सिर्फ होटल हुआ करते थे, लेकिन आज ये प्रॉपर्टीज ठहरने के लिए एक लक्जरी बन चुकी है। ये होटल चारों तरफ से पानी से घिरे हुए हैं। ये न केवल आपको बेहतरीन सुविधा देते हैं, बल्कि आपकी मेहमानवाजी में भी कोई कसर नहीं छोड़ते। जो लोग यात्रा के दौरान कुछ अलग अनुभव करना चाहते हैं, उनके लिए भारत में मौजूद फ्लोटिंग होटल निश्चित रूप से अच्छा विकल्प होगा।

### लेआरओआई फ्लोटिंग हट्स एंड इको रूम्स, टिहरी, उत्तराखंड

लेआरओआई फ्लोटिंग हट्स एंड इको रूम्स उत्तराखंड में एक लक्जरी प्रॉपर्टी है। यहां पर 20 तैरती झोपड़ियां हैं, जो झील के बीचों-बीच स्थित है। यहां सभी फ्लोटिंग हट्स वाई-फाई, टेलिविजन और एयर कंडीशन सहित सभी आधुनक सुविधाओं से लैस हैं।

### मुमताज पैलेज हाउसबोट, श्रीनगर

अगर आप कश्मीर घूमने गए हैं और ठहरने के लिए हासबोट की तलाश कर रहे हैं, तो डल झील पर मुमताज पैलेस हाउसबोट आपके लिए अच्छा विकल्प है। यह महलनुमा होटल भारत के कुछ पारंपरिक तैरते हुए होटलों में से एक है। यह होटल कश्मीर की संस्कृतियों और परंपराओं को बहुत सुंदर तरीके से प्रदर्शित करता है।

### पूवर आइलैंड रिजॉर्ट, त्रिवेंद्रम

यह भारत में एक और सुंदर प्रॉपर्टी है, जहां आपको जीवन में एक बार जरूर ठहरना चाहिए। त्रिवेंद्रम में पूवर आयलैंड रिजॉर्ट पर 12 तैरते हुए कॉटेज हैं। ये सभी कॉटेज लोकल आर्किटेक्चर से प्रेरित हैं। इन पर छप्पर की छतें इसके आकर्षण को कई गुना बढ़ा देती हैं। बता दें कि लोग अक्सर यहां पर आयुर्वेदिक उपचार के लिए आते हैं।

### द फ्लोटल, कोलकाता

हुगली नदी के घाट पर कोलकाता में बना हुआ द फ्लोटल एक जहाज की थीम पर बना हुआ है। इसलिए यह होटल जहाज पर रहने का अनुभव देता है। यहां से आप हावड़ा ब्रिज के सुंदर नजारों को देख सकते हैं।



### ऐबी सिलेस्टियल, मुंबई

देखा जाए, तो मुंबई में एबी सिलेस्टियल कोई होटल नहीं है, बल्कि यह 3 मंजिला यॉट है। बता दें कि यह मुंबई का पहला फ्लोटिंग होटल है। इसमें 660 मेहमानों के ठहरने की क्षमता है। इसमें एक स्काई डेक है, जहां से मुंबई और अरब सागर का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। डेट करने के लिए यह होटल सबसे अच्छी जगहों में से एक है।



# पर्यटकों के लिए खास है उत्तराखंड के ये हिल स्टेशन

मसूरी से 62 किमी की दूरी पर मौजूद, धनौल्टी उत्तराखंड का एक छोटा शहर है। ये पहाड़ी जगह समुद्र तल से करीब 2200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक ऑफबीट टूरिस्ट प्लेस के रूप में भी जानी जाती है। इस हिल स्टेशन पर आने के बाद लोगों को एक अलग ही शांति का एहसास होता है। शहर के शोर-शराबे से दूर अक्सर यहां लोग घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अगर आप भी गर्मी से छुटकारा पाने के लिए प्रकृति के बीच में कुछ अच्छा समय बिताना चाहते हैं, तो आज से ही इस जगह पर घूमने की प्लानिंग करना शुरू कर दें। इस ट्रिप में ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 दिन का समय लगेगा, जिसे आप आने वाले लॉन्ग वीकेंड पर भी प्लान कर सकते हैं।

**धनौल्टी कहां है :** ये पहाड़ी शहर उत्तराखंड राज्य में स्थित है। इस हिल स्टेशन तक पहुंचने के लिए आपको पहले मसूरी के मॉल रोड जाना होगा, यहां से आप लगभग एक घंटे में धनौल्टी पहुंच जाएंगे। अगर आपके पास कुछ फ्री टाइम और है, तो आप हरिद्वार, मसूरी और देहरादून की भी यात्रा कर सकते हैं। धनोल्टी समुद्र तल से 2286 मीटर ऊपर है, जहां से हिमालय का नजारा बेहद हसीन लगता है।



**दशावतार मंदिर :** दशावतार मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है, जिसे गुप्त साम्राज्य के दौरान गुप्त वंश द्वारा बनवाया गया था। मध्यकालीन युग में बना ये तीर्थ स्थल अपनी शानदार वास्तुकला से लोगों को बेहद आकर्षित करता है। दशावतार मंदिर धनौल्टी में घूमने के लिए सबसे लोकप्रिय स्थानों में से एक है।

**देवगढ़ किला :** यह किला 16वीं शताब्दी जितना पुराना है और इसमें कई भव्य महल और जैन मंदिर हैं। यहां की कला और संरचना लोगों को हैरत में डाल देती है। ये फोर्ट उन जगहों में से एक है, जहां आपको जीवन में एक बार जरूर जाना चाहिए। अपने धनौल्टी ट्रिप में इस जगह को भी अपनी लिस्ट में शामिल करना न भूलें।

**इको पार्क :** हरी-भरी हरियाली, ओक के पेड़ों और देवदार के पेड़ों की ताजी खुशबू से आच्छादित यह पार्क 13 हेक्टेयर में फैला हुआ है। ये इको पार्क धनौल्टी के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षणों में से एक है। इको पार्क का निर्माण डीएफओ और शहर के नागरिकों द्वारा गरीबी से छुटकारा पाने के लिए और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। इस जगह पर आप जैसे ही कदम रखेंगे, इको पार्क अपनी हरियाली से तरोताजा कर देगा।

**सुरकंडा देवी मंदिर :** अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध, सुरकंडा देवी मंदिर 51 शक्ति पीठों में से एक है। बादलों, हरियाली और रंग-बिरंगे फूलों के बीच स्थित इस मंदिर का नजारा देखने लायक है। यहां के गढ़वाल रेंज का दृश्य बेहद ही खूबसूरत लगता है। आप मंदिर से ऋषिकेश और देहरादून घाटी की झलक भी देख सकते हैं और आसपास के कई खूबसूरत स्थानों का आनंद ले सकते हैं।

**कैंपिंग :** धनौल्टी आसपास के हरे-भरे खेतों में कैम्पिंग का मजा लेने के लिए भी जाना जाता है। साथ ही, पहाड़ी गांवों के पास नदियों के किनारे अपना टेंट लगाने की भी यहां सुविधा मौजूद है। कैंपिंग वाली जगहों पर सही कीमत में किराए पर टेंट आसानी से मिल जाते हैं। आप आवश्यकता के अनुसार उनका आकार चुन सकते हैं।

**कैसे पहुंचें धनौल्टी :** हवाई जहाज से : 51 किमी की दूरी पर देहरादून में जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पास का हवाई अड्डा है। धनौल्टी पहुंचने के लिए आप वहां से बस या टैक्सी ले सकते हैं।

**रेल द्वारा :** यहां जाने के लिए देहरादून रेलवे स्टेशन पास है। पहुंचने के बाद वहां से धनौल्टी के लिए बस या टेक्सी लें। धनौल्टी से देहरादून की दूरी करीब 37 किमी है।

# दिल्ली के पास खूब फेमस हैं ये जैन मंदिर, एक बार जरूर करें यहां के दर्शन

भारत में कई जैन मंदिर है। इन सभी मंदिरों की अपनी एक रोचक कहानी है जिसे सुनकर आपको भी यकीनन भगवान के चमतकारों पर विश्वास होने लगेगा।

**त्रिलोक तीर्थ धाम, बड़ागांव :** बड़ा गांव में प्राचीन जैन दिगंबर जैन मंदिर है। इस मंदिर में जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान की अतिशयकारी मूर्तियां हैं। त्रिलोक तीर्थ धाम दिल्ली से लगभग 34 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां पर त्रिलोक तीर्थ मंदिर के दर्शन के बाद फाउंटेन शो को जरूर देखें।

**तिजारा जैन मंदिर :** तिजारा जैन मंदिर को अतिशय क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, तिजारा जैन मंदिर दिल्ली से 110 किमी दूर है। यह जैनियों के लिए एक फेमस तीर्थ स्थल है और प्राचीन इतिहास प्रेमियों के लिए बहुत रुचि की जगह भी है। रिपोर्ट्स की मानें तो 1956 में एक खुदाई के दौरान आठवें तीर्थंकर चंद्र प्रभु की मुर्ती पाई गई थी इसी के बाद मंदिर की स्थापना की गई। आप दिल्ली और अलवर होते हुए ट्रेन, बस, कार और फ्लाइट से तिजारा पहुंच सकते हैं।

**सोनागीर मंदिर :** सोनागीर भी फेमस स्थलों में से एक माना जाता है। यहां पर छोटी सी पहाड़ियों पर 9वीं और 10वीं शताब्दी के लगभग 84 जैन मंदिर हैं। यह तपस्या के लिए एक फेमस जगह है और ऐसा माना जाता है कि यहां लगभग साढ़े पांच करोड़ संतों ने निर्वाण प्राप्त किया है। कहा जाता है कि जिस पहाड़ी पर ये मंदिर बने हैं, वह कभी सोने की बनी थी। जैन दर्शन के अनुसार यह वह जगह है जहां आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु का समावशरण आया था।



### श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर

दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित ये मंदिर शहर का सबसे पुराना जैन मंदिर है। जिसे लाल बलुआ पत्थर से बनाया गया है। ये मंदिर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है। यह मंदिर टीआईटी एवियन पशु चिकित्सा अस्पताल के लिए भी फेमस है।

# जुए के बड़े अड्डे पर छापेमारी में 25 आरोपित गिरफ्तार

## 7.33 लाख नकदी व लग्जरी वाहन जब्त



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के चाकसू थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ-सट्टे के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त कार्रवाई जयपुर दक्षिण की डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम डीएसटी और चाकसू थाना पुलिस ने की। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि चाकसू बायपास स्थित जैन सिटी के एक मकान में बड़े स्तर पर जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कोटखावदा रोड स्थित मकान नंबर 12 पर दबिश दी गई, जहां पहली मंजिल पर 20-25 लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाते मिले।

### 7.33 लाख नकदी और लग्जरी गाड़ियां जब्त

पुलिस ने मौके से 7 लाख 33 हजार 800 रुपए नकद, 5 लग्जरी कारें तथा एक होंडा ड्रीम युगा मोटरसाइकिल जब्त की। इसके अलावा 30 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए।

### प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे थे आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में जयपुर के अलावा कोटा, करौली, भरतपुर, सवाई माधोपुर और मध्यप्रदेश के नीमच जिले के लोग शामिल हैं। इनमें मोहम्मद हुसैन, आरीफखान, राजेंद्र कोठारी, धर्म सिंह मीना, श्रीमन गुर्जर, फैसल, पंकज जैन, द्वारका शर्माए रितेश जैन सहित अन्य आरोपी शामिल हैं।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई

इस कार्रवाई को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित कुमार शर्मा के निर्देशन और एसीपी चाकसू भवानी सिंह के सुपरविजन में अंजाम दिया गया। टीम का नेतृत्व चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल और डीएसटी प्रभारी विश्वम्भर दयाल ने किया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क और जुआ.सट्टे के अन्य ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# मिशन जागृति अभियान : स्मैक-गांजा सहित पांच नशा तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में नशे के कारोबार के खिलाफ चला, जा रहे विशेष अभियान मिशन जागृति के तहत जयपुर दक्षिण जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के निर्देशन में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस टीमों ने सोडाला, ज्योति नगर, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर और मुहाना थाना इलाकों में घेराबंदी कर कच्ची बस्तियों में डोर-टू-डोर सर्वे किया। इस दौरान संदिग्धों और पूर्व में चालान शुदा अपराधियों की सूची तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से तलाशी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 प्रकरण दर्ज कर कुल 776 ग्राम गांजा, 6.28 ग्राम स्मैक और 14 ग्राम चरस बरामद की। इसके साथ ही 6,590 रुपए नकद, एक स्कूटी और 3 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में झुंझुनू निवासी शरीफकाजी सोडाला से 14 ग्राम चरस, शिवा सांसी ज्योति नगर से 1.82 ग्राम स्मैक, टोंक निवासी सीमा सांसी शिवदासपुरा से 64 ग्राम गांजा, रणजीत सांसी सांगानेर सदर से 4.46 ग्राम स्मैक, 500 ग्राम गांजा व एक स्कूटी तथा सीकर निवासी ज्योति मालावत मुहाना से 212 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नशे के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि नशे की सप्लाई या सेवन से जुड़ी जानकारी दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। यह कार्रवाई एडिशनल डीसीपी दक्षिण ललित शर्मा और एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े के सुपरविजन में संबंधित थानाधिकारियों, डीएसटी और साइबर सेल की टीम ने संयुक्त रूप से की।

# विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष आज चूरू में

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार बुधवार को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार बुधवार को सुबह 10 बजे चूरू जिला मुख्यालय पर लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## कार्यक्रम आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को ओसियां, जोधपुर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत छठी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुबह 11 बजे जिला परिषद सभागार सीकर में प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन व आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

# सर्व समाज ने उतारी भगवान परशुराम की महाआरती

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत विद्याधर नगर स्थित परशुराम सर्किल पर सर्व समाज के लोगों ने भगवान परशुराम का वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया। कार्यक्रम में न केवल ब्राह्मण समाज के अपितु क्षत्रिय, वैश्य सहित अन्य समाजों के संगठनों से जुड़े लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भगवान परशुराम जी की पूर्जा-अर्चना की। सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए 56 लोग अपने साथ एक-एक मिठाई या नमकीन लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। छप्पन भोग के रूप में यह प्रसाद भगवान को अर्पित कर सर्व समाज के लोगों ने एक-दूसरे को खिलाया। कार्यक्रम में समाजसेवी वीरेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, अनिल नहवाल, विद्याधर शर्मा, रमेश बंशीया, विनोद शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, बंशीधर चोटिया, संतोष खांडल, मुकेश शर्मा, हरि ओम जन सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज गोयल, अभिषेक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अजयकांत हिंदू, बजरंग शर्मा, महेंद्र शर्मा, हरिशंकर गौड़, विनीत शर्मा, काशीनाथ दीक्षित, जय किशन चूलेट, विजय खांडल, अरुण कुमार पांडे सहित सैंकड़ों लोगों ने दीपकों से महाआरती की। गोपालन



निदेशालय के निदेशक पंकज ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल युवाओं ने भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। पूरे सर्किल को रोशनी से सजाया गया।

# पंचम तुलसी पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के वार्ड नंबर 20 स्थित पशु चिकित्सालय के पास पंचम तुलसी पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उप निदेशक चिकित्सा विभाग डॉ राघवेंद्र पाल थे जबकि अध्यक्षता पूर्व लोकपाल महावीर प्रसाद तोगड़िया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राघवेंद्र पाल ने कहा कि तुलसी का पौधा भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर होकर पर्यावरण को शुद्ध करने में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अधिक से



अधिक पौधारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण प्रेमी गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा तैयार किए गए 101 तुलसी के पौधे उपस्थित लोगों को वितरित किए गए। वक्ताओं ने तुलसी के धार्मिक व पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस मौके पर गोकुलचंद सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष बिजेश शाह, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ शिवकुमार सैनी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रदीप कुमार सुरोलिया, रामावतार वर्मा, डॉ सोमदत्त भगत, बनवारीलाल मावर, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अनुराधा सैनी, विनोद सोनी, कृष्ण दूधवा, डॉ अक्षय शर्मा, राजेश कुमावत, महीपाल कुमावत, पंडित राजकुमार व्यास, विमल कुमार सैनी, किशोर शर्मा, बलवीर सैनी, निकेश पारीक, केशव प्रसाद शर्मा, सत्यवीर महारानियां, ऋधिका सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्कूल जाती छात्रा का पीछा कर अभद्र इशारे करने वाला मनचला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट् ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राह चलती छात्रा को परेशान करने वाले एक मनचले को सलाखों के पीछे पहुँचाया है। पुलिस ने आरोपी को उस वक्त दबोचा जब वह सादा वस्त्रों में तैनात टीम की निगरानी में छात्रा का पीछा कर रहा था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि कालिका टीम की सदस्य संतोष, शर्मिला, संगीता और नीलम को एक महिला ने फोन कर अपनी भांजी के डरे होने की सूचना दी थी। टीम जब रात 9 बजे पीडि़ता के घर पहुँची, तो पता चला कि दादी का फाटक स्थित प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने डर के मारे स्कूल जाना छोड़ दिया है। छात्रा ने बताया कि एक व्यक्ति स्कूल आते-जाते समय उसका पीछा करता है और खाली



प्लॉट के पास ले जाकर अभद्र इशारे करता है। छात्रा का आत्मविश्वास लौटाते हुए कालिका टीम ने उसे मंगलवार सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार किया और भरोसा दिलाया कि वे उसकी सुरक्षा के लिए साथ रहेंगी। सुबह 6:00 बजे टीम सादा वस्त्रों में रास्ते में तैनात हो गई। जैसे ही छात्रा घर से निकली, आरोपी उसका पीछा करने लगा और अश्लील बातें बोलने लगा। छात्रा का इशारा मिलते ही टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी महेन्द्र कुमार शर्मा 38 पुत्र रामेश्वर लाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलत: चोमू के धोबलाई का निवासी है और वर्तमान में श्याम नगर, बेनाड रोड पर रह रहा था। आरोपी को खोरा बीसल थाने की हवालात में बंद किया गया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच के निर्देशन में संपन्न हुई।

# परिचित ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर किया अपहरण

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी परिचित ने उसे धोखे से मिलने के बहाने बुलाकर अगवा कर लिया और उत्तर प्रदेश ले जाकर 10 दिन तक बंधक बनाए रखा। जयपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी नाबालिग करीब 10 दिन पहले घर से निकलने के बाद रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम उत्तर प्रदेश पहुंची, जहां दबिश देकर नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी उससे परिचित था और बातचीत होती थी। 10 दिन पहले आरोपी ने मिलने के बहाने उसे घर के पास बुलाया और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद धमकी देकर जबरन उत्तर प्रदेश ले जाकर बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफपोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# समीक्षा का आरएएस में चयन होने पर किया स्वागत

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के देवगांव की बेटी समीक्षा पुत्री पितराम मेव का आरएएस में चयन होने पर गांव में जोरदार स्वागत किया। समीक्षा को गाजे बजे ओर डीजे के साथ जब घर पहुंची तो परिवार और ग्रामीणों में काफी खुशिया बरसी, आतिशबाजी छोड़ी गई मिठाइयां बांटी गई। समीक्षा दोपहर जब घर पहुंची तो सरपंच भंवरी देवी के नेतृत्व में साफा और फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गांव की बेटी समीक्षा ने काफी संघर्ष और परिस्थितियों का सामना कर कठोर मेहनत की जिसका परिणाम में



चयन हुआ। समीक्षा गांव की पहली ऐसे बेटी है जो अधिकारी बनी है समीक्षा की अलग कहानी है। 2013 में समीक्षा की शादी सीकर के हरदयालपुरा निवासी मास्टर भूराराम महरिया के बेटे डॉक्टर सुभाष चंद्रा के साथ हुई थी। समीक्षा शुरू से ही सीकर में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की थी उन्होंने डूंडलोद से बीटेक करने के बाद भी पढ़ाई का क्रम नहीं छोड़ा। 2023 में पति डॉक्टर सुभाष चंद्रा जो मनोरोग विशेषज्ञ थे जिनका निधन हो गया था। बावजूद एक बार तो समीक्षा पूरी तरह से टूट चुकी थी मगर ससुराल वालों का पूरा स्पॉट मजबूती से मिला और समीक्षा का हौंसला बढ़ा उफर उड़ान भरना शुरू कर दी एक कदम और बढ़ाया अपने आप को संभाला और परिस्थितियों का सामना करती हुई। आगे बढ़ी नतीजा आज सामने है उनकी एक छ साल की बेटी है सास-ससुर और परिवार का आज फुल स्पॉट मिल रहा है समीक्षा के देवगांव पहुंचने पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर सरपंच भंवरी देवी, पीटीआई हरलाल सिंह, भूराराम मास्टर हरदयालपुरा, सुवालाल काँटीवाल, रामनाथ सिंह, अरविन्द सांखु, रमेश कुमार महरिया, योगिता, विदुषी चेल्सी, कमल चंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वागत किया।

# रिफाइनरी से लेकर महिला आरक्षण तक गहलोत ने सरकार को घेरा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में गहलोत ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया सीरीज इंतजार शास्त्र के चलते सरकार बैकफुट पर आ गई है और केवल बयानबाजी तक सीमित रह गई है, जबकि धरातल पर विकास कार्यों की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### रिफाइनरी अग्निकांड पर उठाए सवाल

पचपदरा रिफाइनरी में हाल ही में हुई आग की घटना पर चिंता जताते हुए गहलोत ने इसे गंभीर बताते हुए कहा कि नई रिफाइनरी में इस प्रकार की घटना या तो तकनीकी चूक का परिणाम है या जल्दबाजी में कार्य पूर्ण करने का दबाव रहा होगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने एक विदेशी विशेषज्ञ से भी चर्चा की है।

### महिला आरक्षण पर सरकार को घेरा

महिला आरक्षण के मुद्दे पर गहलोत ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्ष 2023 में विधेयक पारित होने के बावजूद लंबे समय तक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सर्वदलीय बैठक की मांग को नजरअंदाज कर सरकार ने भ्रम की स्थिति पैदा की है। साथ ही प्रदेश में महिला आयोग का पद खाली होना भी उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिह्न बताया।

### किसान, ठेकेदार और योजनाओं पर चिंता

गहलोत ने कहा कि प्रदेश का किसान आर्थिक दबाव में है और कर्जमाफी की जरूरत है। मुख्यमंत्री के हालिया बयान को उन्होंने किसानों का अपमान बताया। पीएचईडी में लगभग 4500 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि ठेकेदार आंदोलन की राह पर हैं। इसके अलावा आरजीएचएस योजना की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि पेंशनरों और मेडिकल स्टोर्स के भुगतान लंबित हैं।

### संवैधानिक संस्थाओं और भ्रष्टाचार पर आरोप

पूर्व मुख्यमंत्री ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में देरी को असंवैधानिक बताया। आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार से जुड़े लोगों और आरोपियों के बीच संबंध हैंए जिससे गरीबों को न्याय मिलने में बाधा आ रही है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार को जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रहना चाहिए।

# हाईवे पर तलवारें लहराकर हुड़दंग करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में जयपुर-दिल्ली हाईवे पर बाइक सवार युवाओं द्वारा तलवारें लहराकर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। गलता गेट थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में 20 से अधिक बाइकों पर सवार 40-50 युवक काफिले के रूप में हाईवे पर हुड़दंग करते नजर आए। यह घटना रविवार रात करीब 10:15 बजे की बताई जा रही है। वीडियो में युवक ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अवहेलना करते हुए लहराते हुए बाइक चला रहे थे और चलती बाइकों पर तलवारें लहराकर राहगीरों में दहशत फैला रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गलता गेट थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की और दबिश देकर सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में फरहान 24 निवासी ठाठर कॉलोनी आमेरए असगर अली 33 निवासी प्रभात कॉलोनी गलता गेट, मोहम्मद अजीम 32 निवासी रहीमन कॉलोनी, अजरूद्दीन उर्फ अज्जु 28 निवासी ईदगाह कच्ची बस्ती, सलीम कुरैसी 35 निवासी गुलजार कॉलोनी पाडामंडी, तौसिफ खान 26 निवासी एमडी रोड लालकोठी और जिशान खान 20 निवासी सैयद कॉलोनी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफहुड़दंग और दहशत फैलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

# छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में दी जानकारी

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में टैगोर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय व योगी मकड़ी नाथ विधालय में तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ उपस्थित रहे।

उनके साथ तालुका समिति सदस्य संतोष बाबू इंदौरिया एवं अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत, मनीष शर्मा, लोक अभियोजक जयकांत



बिलाल, बीईईओ संदीप व्यास ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सजग करते हुए ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, ओटीपी, फ्रॉड एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाव के उपाय बताए गए। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है, इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें।

विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया । साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान न्योल, महेंद्र सिंह राठौड़ एवं निदेशक ओमप्रकाश नैन सहित समस्त स्टाफकी सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा लढ़ा द्वारा किया गया। अंत में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताई।

# एमडी बनाने वाला 7.3 किलो प्रतिबंधित केमिकल जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रतापगढ़ जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में अरनोद पुलिस और डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एमडी बनाने में प्रयुक्त होने वाला 07.387 किलोग्राम प्रतिबंधित 2-ब्रोमो-4-मिथाईलप्रोपिओफेनोन केमिकल पाउडर और 05 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त किए गए केमिकल और मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 05 करोड़ 60 लाख रुपये बताई जा रही है। एसपी आदित्य ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा और सीओ चन्द्रशेखर पालीवाल के मार्गशन में पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि नौंगावा निवासी आबिद खान अपने खेत के कुएं पर परिवार के साथ मिलकर एमडी तैयार करता है। इस सूचना पर अरनोद थानाधिकारी शिवलाल मीणा और डीएसटी प्रभारी प्रताप सिंह की टीमों ने संयुक्त दबिश दी। तलाशी के दौरान कुएं के पास बने पानी के हौज के पत्तों के नीचे छुपाया गया एक कट्टा बरामद हुआ, जिसमें चमकीला प्रतिबंधित केमिकल पाउडर भरा था। पास ही एक थैली में तैयार एमडी भी बरामद की गई। यह कार्रवाई इसलि, भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत सरकार ने 11 मार्च 2026 को ही गजट नोटिफिकेशन जारी कर 2-ब्रोमो-4-मिथाईलप्रोपिओफेनोन को एनडीपीएस एक्ट की श्रेणी में शामिल किया था। इस नए कानून के लागू होने के बाद प्रतापगढ़ जिले में इस प्रतिबंधित केमिकल की जब्ती की यह पहली और ऐतिहासिक कार्रवाई है। पुलिस ने मौके से अभियुक्त आबिद खान निवासी नौगांवा थाना अरनोद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190